आर.एन.आई. नं. HARBIL/2017/71370

वर्ष : 08, अंक : 85
कैथल (हरियाणा),
सोमवार, 22 अप्रैल 2024
मूल्य : 2 रूपया, पृष्ठ : 8

Postal No. KKR/183/2022-24

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# अटल हिन्द

हरियाणा,पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

Publisher & Director: Raj K. Aggarwal I Email:- atalhindnews@gmail.com I ePaper- Website:www.atalhind.com 9891096150/9802153000

## महंगाई और बेरोजगारी से सिर्फ मोदी खुश; गरीब मर रहे हैं:खड़गे

सतना/एजेंसी। कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी का दौरा कैंसिल होने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े रविवार को सतना में सभा को संबोधित करने पहुंचे। बीटीआई मैदान में मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि मैं पहले माफी चाहता हूं कि राहुल नहीं आ सके। उन्हें फूड पॉइजनिंग हुई है। उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे सतना जाना था। अब अगर इसकी भरपाई कोई कर सकता है तो आप ही कर सकते हैं। यहां से मुझे रांची भी जाना है। वहां इंडिया गठबंधन की मीटिंग है। मुझे भी पहुंचना था, लेकिन यहां आने की वजह से मैं वहां लेट पहुंचूंगा।

उन्होंने कहा मैं कई जगह घूमा। जहां भी हम गए, वहां लोगों के प्रमुख मुद्दे महंगाई-बेरोजगारी हैं। महंगाई गरीबों की कमर तोड़ रही है। जान ले रही है। कोई खुश नहीं है।



एक ही आदमी मोदी खुश है।

### दो आदमी देश के हर सामान को बेच रहे

दो आदमी देश के हर सामान को बेच रहे हैं। एयरपोर्ट, रोड, रेलवे बेच रहे। अडाणी और अंबानी लेने वाले हैं, मोदी और शाह बेचने वाले हैं। बैंक बर्बाद कर दिए। 16 लाख करोड़ रु. अमीरों का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन गरीब किसानों का माफ नहीं हुआ। खडग़े ने कमलनाथ की तारीफ की। बोले, जब कमलनाथ की सरकार थी, उसने तो कमाल कर दिया। 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। 100 यूनिट बिजली 100 रुपए में दी।

### संविधान बदलने के लिए मांग रहे मेजोरिटी

मोदीजी कहते हैं कि डॉ. आंबेडकर ऊपर से नीचे आए तो भी संविधान नहीं बदलेगा। ये मेरे नहीं, उनके अल्फाज हैं। आपने सुना होगा-पढ़ा होगा। मैं पूछता हूं कि अगर ये सच है तो आपके सांसद लोग क्यों कहते हैं, भागवत क्यों कहते हैं, एमएलए क्यों कहते हैं कि हमको टू थर्ड मेजोरिटी दो, हम संविधान बदलेंगे। बोला या नहीं। ये उनका कहना है। क्या ऐसे इंसान के नेतृत्व को आप वोट देंगे।

### मोदी ने 10 साल में 20 करोड रोजगार देने की बजाय छीनी 12 करोड़ नौकरी : खड़गे

नयी दिल्ली (एजेंसी) कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था,और 10 साल में 20 करोड लोगों को रोजगार देना था,लेकिन इस अवधि में उल्टे 12 करोड लोगों की नौकरी छीन ली। खडगे ने कहा ÷युवाओं के लिए रोज़गार, चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा है। मोदी जी की सैंकड़ों रैलियों में आपने उनके मुँह से कभी ये नहीं सुना कि उनकी सरकार ने पिछ्ले 10 साल में कितने रोज़गार दिए। दस साल में 20 करोड़ नौकरियाँ देनी थी, 12 करोड़ से ज़्यादा छीन ली। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी युवा न्याय के तहत रोज़गार क्रांति लाएगी, ताकि भर्ती परीक्षाओं से नौकरी मिलने तक का सफ़र हम आसान बना सके। भर्ती भरोसा - 30 लाख सरकारी नौकरियों के पद भरेंगे। पहली नौकरी पक्की - अप्रेन्टिसशिप के अधिकार से हर डिग्री, डिप्लोमा धारक की पहली नौकरी पक्की व एक साल में एक रुपये लाख मानदेय।

## देश में बड़ा इंकलाब आने वाला है : मान

रांची। सभा को संबोधित करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री और आप नेता भगवंत मान ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी नहीं है, बल्कि भारतीय जुमला पार्टी है। देश में बड़ा इंकलाब आने वाला है। आज जहां तक नजर जा रही थी वहां तक लोगों की भीड़ थी, लोगों में बहुत उत्साह था। जब बदलाव के लिए लोग चलते हैं तो ऐसी ही भीड़ दिखती है। इस दौरान आप सांसद संजय सिंह ने भी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन भारत के लिए काम करेगा और



पीएम मोदी अदाणी के लिए काम करेंगे। भाजपा ने बंगाल में 400 पार, 200 पार, दिल्ली में 35 पार, झारखंड में 65 पार जैसे नारे देकर लोगों को गुमराह किया। 400 पार का नारा फर्जी है। इस बार आपको उन्हें ताड़ी पार, ताड़ी पार कहना चाहिए। संजय सिंह ने कहा कि पूरे हिंदुस्तान में बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर का संविधान चलता है और भारत तथा हम सब लोग उनके संविधान को मानते हैं। भाजपा नागपुर के संविधान को मानते हैं। नागपुर का संविधान कहता है कि दलितों का आरक्षण खत्म करो, आदिवासियों का आरक्षण खत्म करो, पिछड़ों का आरक्षण खत्म करो, चुनाव खत्म करो... मैं आपसे कहना चाहता हूं कि ये अंतिम चुनाव है और इस बार चुनाव में इनको हराने का काम करना और कहना कि हम देश का संविधान नहीं बदलने देंगे।

**रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव बोले**

## फ्रीबीज पर श्वेत पत्र लाए सरकार

### इसके फायदे और नुकसान लोगों को बताए, समाप्त करने पर भी चर्चा की जरूरत

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजनीतिक पार्टियों की ओर से ऑफर की जाने वाली फ्रीबीज यानी मुफ्त के उपहारों पर सरकार को श्वेत पत्र लाने की जरूरत है। यह बात रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने कही है। पूर्व गवर्नर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लीडरशिप में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह लोगों को इन मुफ्त उपहारों के फायदे और नुकसान के बारे में जागरूक करे। उन्होंने कहा कि फ्रीबीज पर एक व्यापक डीस्कशन की जरूरत है कि कैसे राजनीतिक दलों को ऐसा करने से रोका जाए। फ्रीबीज को आम बोलचाल की भाषा में रेवड़ी और इसे देने के चलन को रेवड़ी



कल्चर कहा जा है।

उन्होंने कहा कि भारत जैसे गरीब देश में यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह समाज के सबसे कमजोर तबके के लोगों को कुछ मुफ्त सुविधाएं दे। साथ ही, यह भी देखे कि इन फ्री सुविधाओं की जरूरत कब तक है। दुव्वुरी सुब्बाराव 1972 बैच के आंध्र प्रदेश कैडर के आईएएस ऑफिसर हैं। 5 सितंबर 2008 से 4 सितंबर 2013 तक आरबीआई के 22वें गवर्नर थे। आरबीआई से हटने के बाद, वह पहले नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर और बाद में पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय में एक विजिटिंग फेलो रहे।

श्वेत पत्र यानी वाइट पेपर एक रिपोर्ट, गाइड, रिसर्च बेस्ड पेपर या औपचारिक सरकारी दस्तावेज होता है। यह किसी विषय या समस्या के समाधान, नीति प्रस्तावों के बारे में एक्सपर्ट के एनालिसिस के आधार पर पेश किया जाता है। ये सफेद कवर में बंधा होता है। यही कारण है कि इसे श्वेत पत्र कहा जाता है। आमतौर पर राजनीति में इसका उपयोग सरकारें ऐतिहासिक रूप से नई पॉलिसी या कानून को पेश करने के लिए करती हैं। इसका उपयोग गवर्नमेंट इनिशिएटिव, किसी स्कीम या पॉलिसी पर जनता की राय जानने के लिए किया जाता है।

पिछले साल 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करते समय मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने फ्रीबीज स्कीम पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा कहा था कि पता नहीं क्यों, सभी सरकारों को 5 साल याद नहीं आती, आखिरी महीने या 15 दिन में ही सभी घोषणाएं करने की याद आती है, लेकिन ये राज्य सरकारों का अधिकार है।

### पत्रकारिता जगत की महिला विभूतियां सम्मानित

नयी दिल्ली (एजेंसी) देश की जानी-मानी पत्रकार हितैषी संस्था इंडियन मीडिया वैलफेयर एसोसिएशन ने इस बार का 11वां इम्वा अवार्ड देश की नारी शक्ति को बढावा देना की घोषणा को समर्पित कर मीडिया जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला विभूतियों को सम्मानित किया। एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर,नयी दिल्ली में आयोजित भव्य कार्यक्रम में न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। इम्वा अध्यक्ष राजीव निशाना ने बताया,कि पत्रकारिता जगत में जहां हमारे पुरुष साथी ऐतिहासिक खबरो को दिखाकर अपना लोहा मनवाते है,तो ऐसे में हमारी महिला साथी पत्रकार भी किसी से पीछे नहीं है।

## अधिकारों को छीनने की कोशिश कर रही भाजपा:प्रियंका गांधी

बालोद(एजेंसी)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रविवार को बालोद जिले के दौरे पर रहीं। उन्होंने यहां हथौद मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रियंका गांधी ने कांकेर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर के पक्ष में माहौल बनाया। उन्होंने कहा कि अभी शादी का सीजन चल रहा है, भीषण गर्मी भी है, फिर भी इतनी संख्या में आप मुझे सुनने के लिए आए हैं, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं। प्रियंका गांधी ने कहा कि आपने ये प्रदेश अपनी मेहनत के दम पर बनाया है। यहां प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में हैं, इसके बावजूद यहां बेरोजगारी चरम पर है। आज हम अपने जीवन में संघर्ष कर रहे हैं। पैसे



कमाते हैं, लेकिन बचता नहीं है। सबकुछ महंगा हो गया है। घर में कभी कोई जरूरत का वक्त आता है, तब हमें बेबस होना पड़ता है। किसानों की हालत आज ऐसी है कि यहां पर कृषि में भी लाभ नहीं दिखता।

उन्होंने कहा कि फसलों पर भी जीएसटी लागू है। जब यहां सरकार थी, तो छत्तीसगढिय़ा स्वाभिमान की रक्षा की गई, आदिवासियों की जमीन वापस कराई गई, अब यहां पर सरकार बदल गई है। यहां पर सरकार ने गौठान से संबंधित योजनाएं बंद कर दीं। जिन योजनाओं से रोजगार मिलता था, भूमिहीनों को पैसा मिलता था, वो भी अब बंद हो गया है। यहां महंगाई चरम पर है। प्रियंका ने कहा कि हमारी सरकार बनने पर हम एक गरीब परिवार को 1 लाख रुपए सालाना और 25 लाख रुपए तक का इलाज देने का वादा करते हैं। आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए केंद्र अपना हिस्सा बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी भाई-बहन यहां बैठे हुए हैं। हमने सरकार में रहते जल, जंगल, जमीन की रक्षा की।

## भारत के लिए आधुनिकता उसका शरीर, आत्मा आध्यात्मिकता : मोदी

नयी दिल्ली (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत के लिए आधुनिकता उसका शरीर है लेकिन उसकी आत्मा तो आध्यात्मिकता ही है। यदि आधुनिकता से आध्यात्मिकता को हटा दिया जाए तो अराजकता पैदा होगी। मोदी ने महावीर जयंती के शुभ अवसर पर 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। प्रधानमंत्री ने भगवान महावीर की मूर्ति पर चावल और फूलों की पंखुड़ियों से श्रद्धांजलि अर्पित की और स्कूली बच्चों द्वारा भगवान महावीर स्वामी पर



वर्तमान में वर्धमान नामक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। मोदी ने इस मौके पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भव्य भारत मंडपम आज 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का गवाह है। स्कूली बच्चों द्वारा भगवान महावीर स्वामी पर प्रस्तुत नृत्य नाटिका वर्तमान में वर्धमान का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर के मूल्यों के प्रति युवाओं का समर्पण और प्रतिबद्धता देश के सही दिशा में आगे बढ़ने का संकेत है। उन्होंने जैन समुदाय को उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद दिया और जैन समुदाय के संतों को नमन करने के साथ-साथ सभी नागरिकों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं।

## उमर ने इंडिया समूह की बात का पालन नहीं करने पर मुफ्ती को 'स्वार्थी' बताया

श्रीनगर (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां)के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने रविवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को इंडिया समूह की बात का पालन नहीं करने के लिए उन्हें 'स्वार्थी' बताया।

उमर दक्षिण कश्मीर के बिजबेहरा में एक रैली में बोल रहे थे। जहां नेकां के उम्मीदवार मेन अल्ताफ का मुकाबला पीडीपी अध्यक्ष सुश्री मुफ्ती, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के उम्मीदवार मोहम्मद सलीम और अपनी पार्टी के नेता जफर मन्हास से है।

उन्होंने कहा, इंडिया समूह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सहित सांप्रदायिक ताकतों का मुकाबला करने के लिए बनाया



गया था। सीट शेयरिंग या अपना फायदा देखने जैसी कोई बात नहीं थी। उमर ने कहा, सिर्फ यह देखना था कि जम्मू-कश्मीर पूरे देश के साथ कैसे प्रगति करेगा।

उन्होंने कहा,÷दुर्भाग्य से, नेकां को इस निर्वाचन क्षेत्र में समूह के सदस्यों में से एक के खिलाफ चुनाव लड़ना है और वे आरोप लगा रहे हैं कि नेकां ने उन्हें धोखा दिया है। उमर ने अपने भाषण में नेकां को स्वार्थी बताते हुए सुश्री महबूबा पर आरोप लगाया हमने शुरू से ही कहा था कि कश्मीर घाटी की जिन तीन सीटों पर नेकां ने चुनाव जीता था, उन्हीं पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे।

उन्होंने कहा, अगर हम स्वार्थी हैं, तो क्या कांग्रेस भी स्वार्थी है। कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की तारागामी ने नेकां उम्मीदवार मियां अल्ताफ को दक्षिण कश्मीर सीट से चुनाव जिताने के लिए खुले तौर पर समर्थन दिया। क्या वे सभी स्वार्थी हैं। स्वार्थी वे लोग हैं जो किसी भी तरह सीट पाने के लिए इंडिया समूह से जुड़े थे और उनका कोई अन्य मकसद नहीं था।

## पंजाब में नशे, फिरौती, गैंगवार व भ्रष्टाचार का खेल चरम पर:अनुराग

जालंधर 21 अप्रैल (एजेंसी) केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को यहां कहा कि आम आदमी पार्टी ने नशा मुक्त पंजाब की बात की थी लेकिन नशा युक्त पंजाब बना दिया है। ठाकुर ने कहा कि खेलों के लिए प्रसिद्ध जालंधर समेत पूरे पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद यहां नशे का कारोबार, फिरौती, गैंगवार और भ्रष्टाचार का खेल चरम पर है। उन्होने कहा कि आजादी के बाद से शायद यह पहले पार्टी की सरकार होगी जिसका स्वास्थ्य मंत्री, शिक्षा मंत्री, उप मुख्यमंत्री और स्वयं मुख्यमंत्री जेल में हैं। पंजाब में भी सरकार बनने के दो महीने के अंदर स्वास्थ्य मंत्री का इस्तीफा हो जाता है। ठाकुर ने कहा कि सरकार बनने से पहले नैतिकता की दुहाई देने वाले आज जमानत के लिए तरह-



तरह के षड्यंत्र रच रहे हैं। राजनीति में आने से पहले अरविंद केजरीवाल कहते थे कि भ्रष्टाचार खत्म करने आ रहे हैं। आज खुद भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए हैं। कहते थे इस कुर्सी में ही खोट है जो बैठता है भ्रष्टाचारी हो जाता है। आज स्वयं अपनी बात को चरितार्थ कर रहे हैं। ठाकुर ने आगे कहा कि इधर पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान जी कांग्रेस से कहते हैं कि हम आपके हैं कौन और उधर दिल्ली में आप नेता अरविंद केजरीवाल जी कहते हैं हम साथ साथ हैं।

## इनर मणिपुर के 11 मतदान केन्द्रो पर दोबारा मतदान आज

नयी दिल्ली (एजेंसी) चुनाव आयोग मणिपुर में इनर( अन्दुरूनी) मणिपुर संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत पांच विधानसभा क्षेत्रों के कुल 11 मतदान केन्द्रों पर सोमवार को दुबारा मतदान कराये जाने के निर्देश दिये है। मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिन मतदान केन्द्रों पर दुबारा चुनाव कराये जा रहे है उसमे खुराई विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत मुईरांग कामपु ,साजेब अपर प्राइमरी स्कूल में स्थापित (साजेब क,इबोबी प्राइमरी स्कूल खुराई थोंगगाम ,लेईकाई मतदान केन्द्र छेत्रिगाव विधानसभा के बामोन, गामपू अपर प्राइमरी स्कूल के उत्तर क,ख दक्षिण पश्चिम और दक्षिण पूर्व मतदान केन्द्र ,थोंगजू विधानसभा क्षेत्र में नेशनल चिल्ड्रन्स स्कूल का खोंगमान जोन पांच क मतदान केन्द्र उरीपोक विधानसभा क्षेत्र में इरोई सैम्बा अपर प्राइमरी स्कूल पूर्वी खंड का ईरोयी सैम्बा मतदान केन्द्र इसी स्कूल के पश्चिमी खंड का इरोयी सैम्बा नामांग लेइकाई मतदान केन्द्र और स्कूल के मध्य खंड का ईरोयी सैम्बा मयाई लेईकाई मतदान केन्द्र तथा कौनथअुजान विधानसभा क्षेत्र के खाईडेम प्राथमिक विद्यालय (दक्षिणी खंड) खाइडेम माखा मतदान केन्द्र शामिल है।

## सीएए को पूरे देश में किसी भी कीमत पर लागू किया जाएगा : राजनाथ सिंह

कोलकाता (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सीएए को पूरे देश में किसी भी कीमत पर लागू किया जाएगा। राजनाथ सिंह ने मुर्शिदाबाद के जलांगी में एक चुनावी रैली में कहा, ÷सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए है, जिन्होंने धार्मिक कारणों से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे देशों को छोड़ दिया है। ममता बनर्जी और उनकी पार्टी इसका विरोध कर सकती है, लेकिन सीएए किसी भी कीमत पर देश में लागू किया जाएगा।÷

रक्षा मंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल धार्मिक तनाव को बढ़ावा दे रहा है। यह नेताजी सुभाष चंद्र बोस और चैतन्य महाप्रभु की भूमि है। रक्षा मंत्री ने कहा, पश्चिम बंगाल में



अराजकता है।

उत्तर बंगाल के पड़ोसी बालुरघाट इलाके में एक चुनावी रैली में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पलटवार करते हुए कहा कि वह देश में सीएए लागू नहीं होने देंगी। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷वे (भाजपा) सीएए और एनआरसी को चुनौती देने के मेरे अधिकार पर सवाल उठा रहे हैं। वे कौन होते हैं मुझसे सवाल करने वाले? जब मैंने कहा कि हम सीएए और एनआरसी को लागू नहीं होने देंगे तो मेरा मतलब यही है।

## फसल का समय पर उठान और भुगतान करने में फेल साबित हो रही सरकार - दुष्यंत चौटाला

**फसल खरीद को लेकर पूर्व गठबंधन सरकार की बनाई गई बेहतर व्यवस्था को खराब न करे राज्य सरकार - पूर्व डिप्टी सीएम**

**अटल हिंद/योगेश गर्ग**

चंडीगढ़, 21 अप्रैल। हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि मौजूदा राज्य सरकार किसानों को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि सरसों को मंडियों में आए लगभग एक महीने का समय हो गया है लेकिन इसके बावजूद अभी तक किसानों की फसल मंडियों में पड़ी है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरसों के दो लाख बैग अकेले हिसार मंडी में है, दो एजेंसी हैफेड और वेयर




हाउस कारपोरेशन को उठान का काम दिया गया है, लेकिन लिफ्टिंग नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि स्लो लिफ्टिंग और 25 क्विंटल से ज्यादा परचेज पर प्रतिबंध की शर्त लगाना किसानों के हित में नहीं है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जहां ओलावृष्टि नहीं हुई है, वहां 65 मण तक एक एकड़ में पैदावार आ रही है और ऐसी स्थिति के बाद भी इस तरह की पाबंदियां स्पष्ट दर्शाती हैं कि किसानों को लेकर सरकार की मंशा क्या है। दुष्यंत चौटाला रविवार को हिसार की अनाज मंडी में पहुंचे और फसल खरीद का जायजा लिया। उन्होंने सरसों और गेहूं की फसलों का अभी तक उठान न होने और सप्ताह में तीन दिन तक फसलों की सरकारी खरीद बंद करने को लेकर अधिकारियों से बातचीत की।

वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा कि शनिवार को करनाल जिले में कई जगह ओलावृष्टि हुई है और वहां किसान के खेत में तो नुकसान आया ही है, उसके साथ मंडियों में पड़ा गेहूं भी खराब हुआ है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि किसानों की समस्या के समाधान के लिए सरकार को तुरंत कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि तुरंत लिफ्टिंग करवा कर आगे ऐसी विपदा किसानों पर ना आए और इसके लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

## चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर में 3 बड़े बदलाव की तैयारी

### एएफएसपीए हटने के बाद पुलिस संभालेगी राज्य

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर में तीन बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। केंद्र सरकार, सेना और स्थानीय प्रशासन स्तर पर तैयारी शुरू हो चुकी है। पहला बदलाव राज्य से आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल पावर एक्ट (एएफएसपीए) हटाकर होगा। बीते दिनों केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसके संकेत दिए थे। दूसरा, जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा। जमीनी स्तर पर इसकी रणनीति बन गई है। तीसरा, 30 सितंबर के पहले राज्य में विधानसभा चुनाव कराना। यानी सरकार की कमान स्थानीय लोगों के हाथ आ जाएगी। सबसे ज्यादा फोकस एएफएसपीए हटाने पर है। इसके लिए सेना राज्य सशस्त्र पुलिस को एंटी टेरर ऑपरेशन्स के लिए तैयार कर रही है। पुलिस के 1100 इंस्पेक्टरों को डोडा के बार्ला में सेना के बैटल स्कूल में ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्हें सेना की तरह खुफिया सूचनाओं का विश्लेषण, उन्हें साझा करने और इलाकों की घेराबंदी करना सिखाया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, केंद्र सरकार का जम्मू-कश्मीर पुलिस पर भरोसा इसलिए बढ़ा, क्योंकि वो सेना के साथ कई ऑपरेशन में साथ काम कर रही है। बहादुरी के लिए मिलने वाले कीर्ति और शौर्य चक्र पुलिसकर्मी हासिल कर रहे हैं। एक साल में 80 पुलिसकर्मियों को शौर्य पदक मिले हैं। जबकि प्रदेश स्तर पर 424 पुलिसकर्मियों को एंटी टेरर ऑपरेशन के लिए सम्मान मिल चुका है।

# फरीदाबाद के बाटा फ्लाईओवर पर मिलहार्ड कॉलोनी में किया जन सम्पर्क अभियानः प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल

अटल हिंद/योगेश गर्ग

**फरीदाबाद, 21 अप्रैल।** आज प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने बाटा फ्लाईओवर के पास बसी मिलहार्ड कॉलोनी के 22 नंबर बूथ पर जन सम्पर्क अभियान किया। इस मौके पर विपुल गोयल ने सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए लोगों से घर घर जाकर मुलाक़ात की। इस कार्यक्रम के दौरान लोगों ने विपुल गोयल के सामने सरकार का धन्यवाद करते हुए अरुण कुमार ने बताया की उनके परिवार कों उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर प्राप्त हुआ है तो कुछ लाभार्थी पेंशन का भी लाभ ले रहे है। इससे पहले कॉलोनीवासियो ने प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल का फूल मालाओं के साथ-साथ बुक्के भेंट करके स्वागत किया।



प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने पार्टी की विचार धाराओं के साथ चलकर विकास के नाम पर वोट करने की अपील भी की व युवाओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कों फिर से चुनने का आह्वान भी किया।

इस मौके पर मिलहार्ड कॉलोनी से सुन्दरलाल, श्यामवीर, इंद्रा कॉलोनी आरडब्लूए प्रधान गोपाल शर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता पम्मी कुमार, बंटी सरदार, रवि कुमार, संजीव सैनी, राजीव सैनी, विजय कुमार, वीरपाल, कन्हैया गोला, गुड़ी देवी, रमन कपूर व अन्य काफ़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# त्याग व समर्पण का पर्याय है जैन समाज : नरेंद्र गुप्ता

## समग्र समाज ने धूमधाम से मनाया भगवान महावीर जन्म कल्याणक समारोह

अटल हिंद/योगेश गर्ग

**फरीदाबाद, 21 अप्रैल।** जैन समाज त्याग व समर्पण का पर्याय है। भगवान महावीर द्वारा स्थापित पांच सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए जैन समाज के लोग समस्त समाज के लिए निस्वार्थ रूप से कार्य करते हैं। उक्त वाक्य फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक नरेंद्र गुप्ता ने सैक्टर-10 स्थित तेरापंथ भवन में 2623वें भगवान महावीर जन्म कल्याणक समारोह में बतौर अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जैन समाज आबादी में कम होने के बावजूद भी समाजसेवा के हर कार्य में बढ़ चढ़ कर सहयोग करता है जोकि यह दर्शाता है कि जैन समाज के लोग भगवान महावीर के दिखाए रास्ते पर चलकर समाज में अहिंसा का प्रचार करते हुए समाजसेवा व अध्यात्म की रोशनी फैला रहे हैं। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन समग्र समाज की ओर से किया गया। कार्यक्रम साध्वी आचार्य कुसुम प्रज्ञा व जिज्ञासा प्रज्ञा के सान्निध्य में आयोजित किया गया। आयोजन में श्री जैन श्वेतम्बर तेरापंथी समा, फरीदाबाद, श्री आत्मानंद जैन सभा फरीदाबाद, श्री स्थानकवासी जैन सभा, सेक्टर-15 फरीदाबाद व श्री स्थानकवासी जैन सभा सेक्टर-7 फरीदाबाद सहित जैन संघ, जितो, फरीदाबाद चैप्टर तथा महावीर इंटरनेशनल सहित समाज के सभी लोगों ने सहयोग किया। समारोह के स्वागताध्यक्ष उद्योगपति टी.एम.लालानी रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डीपीएस स्कूल की चांसलर शैलबाला जैन मौजूद रहीं। इस मौके पर अहिंसा रैली का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के संयोजक राम लाल बोरड़ ने किया जबकि सह संयोजक बहादुर सिंह दुगड़ रहे। इस अवसर पर भाजपा मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी के अलावा गुलाबचंद वैद, विनीत जैन, आईसी जैन, एसएस जैन, अंकित जैन, रणवीर चौधरी के अलावा अनेक महिलाएं मौजूद रहीं। इस मौके पर बच्चों व जैन समाज की महिलाओं ने भगवान महावीर को समर्पित प्रस्तुति दी।



विधायक नरेंद्र गुप्ता को सम्मानित करते समग्र जैन समाज के लोग प्रमुख शिक्षाविद शैलबाला जैन को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, रामलाल बोरड़ व अन्य गणमान्यजन।

# महिला थाना बल्लबगढ़ की टीम ने महिला सुरक्षा और डायल 112 के संबंध में किया जागरूक

अटल हिंद/योगेश गर्ग

**फरीदाबाद, 21 अप्रैल।** पुलिस कमिश्नर फरीदाबाद श्री राकेश कुमार आर्य के आदेश और मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस के द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में डीसीपी बल्लबगढ़ अनिल कुमार के निर्देश अनुसार बल्लभगढ़ महिला थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर पूनम और उनकी पुलिस टीम ने सेक्टर 68 स्थित पॉलीमेड कंपनी के कर्मचारियों को महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, नशे से बचने और डायल 112 एप के बारे में बतलाया। वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी गई तथा बचाव के संबंध में किसी को भी अपनी बैंक डिटेल,ओटीपी शेयर न करने, अज्ञात फर्जी नंबरों से आने वाले फोन कॉल से सावधान रहने की अपील की गई।यह भी बताया कि एक महिला कैसे फोन पर आने वाली कॉल्स और मैसेज के झांसे में आने से बचें. अगर हर व्यक्ति अनजान कॉल और मैसेज से बचने लगे तो साइबर अपराध पर अंकुश लग जाएगा। साइबर ठगी के मामले में 1930 पर संपर्क करें। महिला बल्लभगढ़ थाना प्रबंधक निरीक्षक पूनम ने बताया कि प्रशासन के साथ हम महिलाओं को भी आगे आना चाहिए व अपराध व अपराधियों से सजग रहना, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए।महिला सुरक्षा व उनके अधिकारों के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। साथ ही आत्म रक्षा के लिए उठाए जाने वाले तरीकों के बारे में भी बताया। उन्होंने किसी भी परिस्थिति में महिलाओं को अपने हौसले को डिगने न देने की सलाह दी। उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया। उन्होंने महिला हेल्पलाइन नंबर को कंठस्थ करने तथा अपने पास सुरक्षित रखने का आह्वान किया।




# इंस्पेक्टर नवीन पाराशर ने झाड़ली, झज्जर में हत्या करने के उपरांत गुरुग्राम में फरारी काटने आए 07 आरोपियों को अवैध हथियार सहित दबोचा

**आरोपियों के कब्जा से 03 पिस्टल, 02 देशी कट्टे व 21 जिन्दा कारतूस बरामद।**

**हत्या की अन्य वारदातों को अंजाम देने के उद्देश्य से आरोपियों से किए थे हथियार एकत्रित, वारदात करने से पहले ही चढ़े गुरुग्राम पुलिस के हत्थे।**

अटल हिंद/योगेश गर्ग

गुरुग्राम 21 अप्रैल। कल दिनांक 20.04.2024 को निरीक्षक नवीन कुमार, इन्चार्ज अपराध शाखा सैक्टर-40, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने बंधवाड़ी फ्लाईओवर, गुरुग्राम के पास से प्रदीप उर्फ प्रवीण उर्फ पहलवान निवासी गांव खोजकीपूर (पानीपत), जितेंद्र उर्फ हनुमान निवासी गांव झाड़ली (झज्जर), दीपक जाखड़ उर्फ चिप्पी आला निवासी गांव झाड़ली (झज्जर), प्रदीप उर्फ सोनू निवासी गांव अख्तियारपुर (चरखी दादरी), सोनू निवासी गांव गुजरानी (भिवानी), मनजीत उर्फ मीनू निवासी गांव मोहनबाड़ी (झज्जर) व गौरव उर्फ कार्लोस निवासी गांव गुजरानी (भिवानी)को अवैध हथियार सहित काबू किया।पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त आरोपियों के कब्जे से 03 पिस्टल, 02 देशी कट्टे व 21 जिंदा कारतूस बरामद किए जाने पर इनके खिलाफ पुलिस थाना डीएलएफ फेज-1, गुरुग्राम में शस्त्र अधिनियम की सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया व आरोपियों को गिरफ्तार किया।आरोपियों से सीआईए की पूछताछ में ज्ञात हुआ कि दिनांक 10.04.2024 को इन्होंने झाड़ली के रहने मुकेश नामक व्यक्ति के साथ मारपीट की थी, जिसकी दिनाँक 11.04.2024 को ईलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस वारदात के सम्बन्ध में अभियोग संख्या 83 दिनांक 11.02.2024 धारा 302, 148, 149, 120B IPC थाना साहलावास, झज्जर में अंकित है। आरोपी हत्या की इस वारदात को अंजाम देने के उपरान्त फरारी काटने के लिए फरीदाबाद व गुरुग्राम आ गए थे और ये इस (झज्जर के सालहावास थाना क्षेत्र में हत्या) हत्या की वारदात के सम्बन्ध में अंकित अभियोग में वांछित थे। उपरोक्त आरोपी प्रदीप उर्फ प्रवीण उर्फ पहलवान पानीपत के थाना बापौली के क्षेत्र में जान से मारने की धमकी देने, अवैध वसूली के अभियोग में भी वांछित आरोपी है।आरोपियों से पुलिस पूछताछ में यह भी ज्ञात हुआ कि इनके कब्जा से बरामद हुए हथियार इन्होंने हत्या करने अन्य वारदातों को अंजाम देने के लिए एकत्रित किए थे, परन्तु ये किसी वारदात को अंजाम दे पाते उससे पहले ही गुरुग्राम पुलिस ने इन्हें हथियारों सहित पकड़ लिया।आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि आरोपी प्रदीप उर्फ प्रवीण उर्फ पहलवान पर शस्त्र अधिनियम, जान से मारने की धमकी देने, मारपीट करने के संबंध में 03 अभियोग पानीपत में, आरोपी जितेंद्र उर्फ हनुमान पर शस्त्र अधिनियम, धोखाधड़ी छीनाझपटी करने के संबंध में 02 अभियोग भिवानी में व हत्या के प्रयास, अवैध वसूली, शस्त्र अधिनियम के तहत 03 अभियोग झज्जर में, आरोपी दीपक जाखड़ के विरुद्ध मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने, अवैध वसूली करने के 02 अभियोग झज्जर में अंकित हैं।



सीआईए 40 इंचार्ज इंस्पेक्टर नवीन व उनकी टीम की गिरफ्त में आरोपी।


# चुनावों में व्यापारी व दुकानदार अधिक से अधिक करें मतदान : राजेश भाटिया

**फरीदाबाद, 21 अप्रैल।** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्किट नंबर 1 में ब्यापार मंडल फरीदाबाद की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्यापार मंडल फरीदाबाद के प्रधान राजेश भाटिया सहित अन्य व्यापारियों व दुकानदारों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक का मुद्दा लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करवाने के प्रति जागरुक करना था। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सभी को मतदान करना चाहिए क्योंकि जितना ज्यादा मतदान होगा, उतनी ही मजबूत सरकार देश को मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारे देश में चुनाव उत्सव के रूप में मनाया जाता है और इस चुनावी उत्सव में हम सभी को हिस्सा लेना चाहिए और दूसरों को भी इसमें भागेदारी निभाने के लिए जागरुक करना चाहिए। श्री भाटिया ने व्यापारियों व दुकानदारों से कहा कि वह अपनी दैनिक दिनचर्या के व्यस्त कार्यक्रम में से मतदान के दिन वोट डालने के लिए समय निकाले और ज्यादा से ज्यादा मतदान करे। बैठक में सभी व्यापारियों ने एक स्वर में भाटिया का समर्थन करते हुए विश्वास दिलाया कि वह इस बार चुनावों में ज्यादा से ज्यादा मतदान करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि जो भी ग्राहक वोट डालने के अगले दिन मार्केट में दुकानों पर खरीदारी करने आएगा उसे डिस्काउंट दिया जाएगा।



## दैनिक पंचांग

**22 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.51 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मिथुन | 08.49 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | कर्क | 11.03 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.19 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 15.31 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.42 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.56 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 22.12 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.17 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | कुंभ | 02.04 बजे से |
| | | मीन | 03.37 बजे से |
| | | मेष | 05.07 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 113 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्दशी 03.26 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** हस्त 20.00 बजे को समाप्त। **योग** हर्षण 04.28 बजे रात्र को समाप्त। **करण** गर 14.21 बजे तदनन्तर वणिज 03.26 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 12° 17' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871957 **जूलियन दिन** 2460422.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सव्वाल **तारीख** 12 **विशेष** रेणुका चतुर्दशी, पृथ्वी दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का राशिफल

| | | |
|---|---|---|
| मेष राशि :- कुछ विद्युत कार्य करेगा, कुटुम्ब में घोर अशांति बनेगी, कार्य बना लें। | वृष राशि :- स्त्री वर्ग से चिन्ता, तनाव, क्लेश तथा मानसिक उद्विघ्नता अवश्य ही बनेगी, ध्यान दें। | मिथुन राशि :- तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम तथा अनावश्यक उद्विघ्नता बनेगी। |
| कर्क राशि :- भाग्य का सितारा साथ देगा, बिगड़े कार्य अवश्य ही बन जायेंगे, योजना बनेगी। | सिंह राशि :- आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा तथा कार्य में सुधार अवश्य ही होगा। | कन्या राशि :- क्लेश व अशांति, कार्य-व्यवसाय में बाधा अवश्य होगी, भ्रमण होगा। |
| तुला राशि :- मानसिक उद्विघ्नता, स्वास्थ्य नरम रहेगा, धन का व्यर्थ व्यय होगा। | वृश्चिक राशि :- तनाव, क्लशे व अशांति, मानसिक बेचैनी, धन का व्यर्थ व्यय होगा। | धनु राशि :- चिन्तायें कम हों, इष्ट मित्र सुख वर्धक होंगे, तनाव, क्लेश व अशांति अवश्य बनेगी। |
| मकर राशि :- धन कष्ट, व्यय, चोटादि की संभावना, सतर्कता बरतें, समय का ध्यान रखें। | कुंभ राशि :- कार्य-कुशलता से संतोष एवं समृद्धि के योग अवश्य ही बनेंगे, ध्यान दें। | मीन राशि :- भाग्य का सितारा मंद रहे, तनाव, क्लेश व अशांति होगी, ध्यान दें। |

# पुलिस में सर्वोच्च रक्तदाता उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने किया 168 वीं बार रक्तदान

अटल हिंद संवाददाता

**फरीदाबाद, 21 अप्रैल।** पुलिस विभाग में सर्वोच्च रक्तदाता हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने आज प्रातः बीके (नागरिक) अस्पताल फरीदाबाद के क्षेत्रीय रक्त कोष में जाकर 168 वीं बार रक्तदान किया। इसके साथ ही वे 81 बार प्लेटलेट्स भी दान कर चुके हैं। राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी के नाम से विख्यात पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा मूल रुप से करनाल के रहने वाले हैं और 2020 से हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रुप में नियुक्त हैं। उन्हें हरियाणा के प्रत्येक ज़िले में जाकर नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार के लिए नियुक्त किया हुआ है। अभी वे फरीदाबाद के सेक्टर 8 में रह रहे हैं। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने रक्तदान करते हुए कहा कि मनुष्य का रक्त सड़क दुर्घटनाओं में नालियों में नहीं बहना चाहिए अपितु जरूरतमंद की सहायता के साथ नाड़ियों में बहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आज का युवा अपनी सकारात्मक ऊर्जा का प्रयोग समाज और राष्ट्र के कल्याण में करें न कि नशों आदि में करके जीवन को नष्ट कर ले। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि युवा नशे के टीके लगाकर अपने जीवन को मृत्यु के समीप ले जा रहे हैं। उन्हें चाहिए कि सुई नशे की न लगाकर रक्तदान की लगवाएं और अमूल्य जीवन बचाकर पुण्य कमाएं। पुलिस उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि वे वर्ष 1990 से निरंतर रक्तदान कर रहे हैं।

2010 से बिना किसी बैनर के 495 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाकर 56000 से अधिक लोगों को रक्त उपलब्ध करा चुके हैं। रक्तदान के क्षेत्र में अतुलनीय सेवाओं के लिए उन्हें दो बार स्वर्ण पदक मिल चूका है। सर्वाधिक रक्तदान के लिए तीन बार राजभवन चंडीगढ़ में राज्यपाल से सम्मानित हो चुके हैं।



# जिला एवं सत्र न्यायधीश सन्दीप गर्ग ने किया जेल का निरीक्षण

अटल हिंद संवाददाता

**फरीदाबाद, 21 अप्रैल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संदीप गर्ग व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुकिर्ती गोयल ने आज रविवार को जिला जेल नीमका में पहुंच कर वहां का निरीक्षण किया। उनके साथ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिद्धार्थ कपूर,न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोमल दहिया,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दीपाली सिंगल,न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हिमानी सागर व डिफेंस काउंसिल रविंद्र गुप्ता भी उपस्थित रहे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सन्दीप गर्ग ने जिला जेल निरीक्षण के दौरान वहां रह रहे विचाराधीन बंदियों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को जाना और उनका समाधान मौके पर ही जेल अधिकारियों से करवाया।
उन्होंने बन्दियो से अपील करते हुए कहा कि न्यायालय में केसों की कानूनी पैरवी करने के लिए यदि आपका कोई वकील नहीं है, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मुफ्त कानूनी सहायता ले सकता है।
चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सन्दीप गर्ग ने निरीक्षण के दौरान जिला जेल नीमका में स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं का लाभ ले रहे बन्दियों से मुलाकात की। वहां उनका हाल-चाल जाना। इसके साथ-साथ हॉस्पिटल में सफाई, मेडिकल सुविधाओं को ध्यान में रख कर निरीक्षण किया गया। टीबी वार्ड के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही साथ लंगर का भी निरीक्षण किया। जहां उन्होंने देखा कि खाना बनाते समय साफ सफाई का ध्यान रखा जा रहा है या नहीं।
इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती सुकिर्ती गोयल ने कहा कि यदि बन्दियों को किसी भी प्रकार की कोई कानूनी समस्या है या कोई अलग में अपनी शिकायत और समस्या बताना चाहता हैं, तो वह भी कर सकता है। किसी बन्दी की कोई शिकायत मौके पर नही पाई गई।



# खेड़ीपुल पुलिस लाइन में स्थित सरदार पटेल पुस्तकालय मे आधुनिकतम ज्ञान के स्रोतों से नई पीढ़ी हो रही है सशक्त

अटल हिंद संवाददाता

**फरीदाबाद, 21 अप्रैल।** खेड़ी पुल पुलिस लाइन में चल रहे सरदार पटेल पुस्तकालय का काफी छात्र छात्राए लाभ उठा रहे हैं। पुलिस आयुक्त फरीदाबाद श्री राकेश आर्य ने कहा कि पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती। पुलिस लाईन परिसर में रहने वाले सभी आयु समूह के लोगों के लिए यह ज्ञान ग्रहण करने का सर्वोत्तम केन्द्र है। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन में चल रही जिम एवं लाईब्रेरी की सुविधा से युवाओं के समग्र व्यक्तित्व विकास में सहायक है। नई पुलिस लाईन परिसर में पुलिस परिवार के कल्याण के लिए पुस्तकालय, क्रेच और जिम की भी व्यवस्था है। हाल ही में पुलिस महानिदेशक श्री शत्रूजित कपूर ने भी खेड़ी पुल पुस्तकालय का निरीक्षण किया था। उन्होने पुस्तकालय से मिलने वाले ज्ञान लाभ के बारे मे बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि लाइब्रेरी में अंग्रेजी व हिंदी के अलावा विदेशी भाषाओं की पुस्तके भी उपलब्ध हैं इसलिए छात्र इन पुस्तकों का पूरा फायदा उठाएं।




## एक नजर

### एक्सीडेंट के मामले में 7 साल से फरार आरोपी को सेक्टर 58 पुलिस ने किया गिरफ्तार




**अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 21 अप्रैल।** फरीदाबाद डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए सेक्टर 58 थाना प्रभारी अनूप सिंह की टीम ने रोड एक्सीडेंट के मामले में 7 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सुबह सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम भगत सिंह उर्फ भूरा है जो मथुरा के मेहराणा गांव का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के नगला एनक्लेव पार्ट 2 में रह रहा था। दिसंबर 2016 में सेक्टर 58 थाने में रोड एक्सीडेंट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी एक पानी का टैंकर लेकर जा रहा था जिसका एक मोटरसाइकिल के साथ एक्सीडेंट हुआ जिसमें पीड़ित की मृत्यु हो गई थी। एक्सीडेंट के बाद आरोपी फरार हो गया था जिसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। आरोपी जेल से जमानत पर बाहर आ गया परंतु अदालत से गैर हाजिर रहने लगा।फरवरी 2024 में माननीय अदालत द्वारा आरोपी को पीओ घोषित किया गया।

### हमारी संस्कृति में शामिल है बुजुर्गो का सम्मान : राजेश नागर




**अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 21 अप्रैल।** सेक्टर 8 स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में विधायक राजेश नागर पहुंचे और उन्होंने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान शामिल है, यही कारण है कि हम सबसे पहले अपने बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्हें यहां सीनियर सिटीजन क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। जहां बड़ी संख्या में जुटे बुजुर्गों ने उन्हें खुलकर आशीर्वाद दिया। नागर ने कहा कि आज जो बुजुर्ग हैं वह कल जवान थे और हम कल बुजुर्ग होंगे, लेकिन इन्होंने जो हमें योग्य बनाने की जिम्मेदारी निभाई है वह जिम्मेदारी हमें भी निभानी होगी।

# मुख्य सचिव ने गेहूँ की खरीद के प्रबंधों और मौसम से खराब हुयी फसल का जायज़ा लिया

अटल हिंद संवाददाता



चंडीगढ़, 21 अप्रैलः पंजाब के मुख्य सचिव श्री अनुराग वर्मा ने राज्य में चल रहे गेहूँ की खरीद के प्रबंधों और बेमौसमी बारिश से ख़राब हुई फ़सल का जायज़ा लेने के लिए आज समूह डिप्टी कमिशनरों के साथ आपात मीटिंग की। मीटिंग में मुख्य सचिव ने डिप्टी कमिशनरों को आदेश दिया कि वह हर हालत में यकीनी बनाएं कि किसानों की तरफ से मंडी में लाई गई फ़सल की तत्काल तौर पर खरीद हो। इसके साथ ही 48 घंटो के अंदर-अंदर ख़रीदी फ़सल की अदायगी किसान के खाते में यकीनी बनाई जाये।

वर्मा ने डिप्टी कमिशनरों को आदेश दिया कि वह हर रोज़ अपने जिले की खरीद एजेंसियों के साथ मीटिंग करें जिसमें वह जिले की हर मंडी में हो रही खरीद की समीक्षा करें। श्री वर्मा ने डिप्टी कमिशनरों को यह भी आदेश दिए कि वह निजी तौर पर मंडियों का दौरा करें। वर्मा ने डिप्टी कमिशनरों को यह भी आदेश दिया कि वे बेमौसमी बारिश से हुए किसानों के नुकसान सम्बन्धी सरकार को तत्काल तौर पर रिपोर्ट भेजें। जिस किसी गाँव में भी बेमौसमी बारिश के कारण फ़सल का नुकसान हुआ है, उस गाँव का डिप्टी कमिश्नर या एस. डी. एम. द्वारा निजी तौर पर दौरा किया जाये।

वर्मा ने आगे जानकारी देते हुये बताया कि इस बार सीजन में मंडियों में कुल 132 लाख मीट्रिक टन गेहूँ की आमद की संभावना है। इसमें से अब तक मंडियों में 17.14 लाख मीट्रिक टन गेहूँ की आमद हो चुकी है। राज्य की खरीद एजेंसियों की तरफ से इसमें से 13.23 लाख मीट्रिक टन गेहूँ की खरीद कर ली गई है। श्री वर्मा ने आगे बताया कि नियमों अनुसार ख़रीदी गेहूँ की किसान को 48 घंटो के अंदर अदायगी की जानी होती है। इस अनुसार अब तक किसानों को 752 करोड़ रुपए की अदायगी करनी बनती थी। इसके मुकाबले अब तक किसानों को 898 करोड़ रुपए की अदायगी की जा चुकी है। भाव कई किसानों को 48 घंटे से भी पहले अदायगी की गई है। मुख्य सचिव ने डिप्टी कमिशनरों को आदेश दिया कि वह ख़रीदी फ़सल की लिफ्टिंग की तरफ विशेष ध्यान दें। उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार एफ. सी. आई. के साथ निरंतर तालमेल करके रोज़मर्रा के स्पेशल गाड़ियाँ लगवा रही है।

# सवा छह करोड़ ठगी का मुख्य आरोपी मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार

## आरोपी की पहचान हरमीत सिंह मलिक आनंद विहार, दिल्ली के रूप में हुई

अटल हिंद/फतह सिंह उजाला




गुरुग्राम 21 अप्रैल । बीती 21 दिसंबर 2023 को विटजील टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के पदाधिकारी ने पुलिस थाना साईबर अपराध दक्षिण, गुरुग्राम में दी गई शिकायत मैं बताया 16.12.2023 से 19.12.2023 के बीच इनकी कंपनी के खाते से धोखाधड़ी से लगभग 06 करोड़ 14 लाख रुपए निकाले गए। इस शिकायत पर थाना साईबर अपराध दक्षिण, गुरुग्राम में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया प्रियांशु दिवान सहायक पुलिस आयुक्त साईबर अपराध, गुरुग्राम के निर्देशानुसार कार्य करते हुए निरीक्षक मनीष कुमार, प्रबंधक थाना साईबर अपराध दक्षिण, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अभियोग में एक और आरोपी शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट से काबू करके पूछताछ करने उपरांत अभियोग में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान हरमीत सिंह मलिक निवासी आनंद विहार, दिल्ली के रूप में हुई। पुलिस थाना साईबर अपराध दक्षिण, गुरुग्राम की पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त आरोपी के विरुद्ध लुक आउट सर्कुलर जारी करवाया गया था।

अंदेशा था की उपरोक्त आरोपी देश से बाहर है या देश छोड़कर भाग सकता है। इसलिए तुरंत कार्यवाही करते हुए गुरुग्राम पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध लुक आउट सर्कुलर जारी करा दिया गया। इसी लुक आउट सर्कुलर के आधार पर आरोपी को मुंबई एयरपोर्ट से पकड़ा गया जब वह देश छोड़कर भागने वाला था। अभी तक के अनुसंधान में आरोपी पर हवाला का कारोबार करने और पैसे को ष्ह्ल4श्चह्लश् ष्ह्लह्लद्गठ्ठ4 के माध्यम से देश से बाहर मंगाने के आरोप है। आरोपी लंबे समय से हवाला का कारोबार कर रहा है। लुक आउट सर्कुलर किसी पुलिस एजेंसी द्वारा तब जारी करवाया जाता है जबकि आरोपी देश छोड़कर भाग सकता है या किसी दूसरे देश से वापस भारत आ सकता है, और उसे लैंड पोर्ट, सी पोर्ट या एयरपोर्ट पर गिरफ्तार करना हो।

आरोपी से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि उपरोक्त अभियोग में आरोपी मुख्य सरगना है और इसके द्वारा और ऐसे अन्य अपराध किए गए हो इससे इंकार नहीं किया जा सकता। इससे पहले पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में 05 आरोपियों शांतनु आनंद, कार्तिक शर्मा, तरुण कुमार डूडेजा, राकेश शर्मा व यश शर्मा को पहले ही गिरफ्तार किया गया था।

# एक नजर

## धन्ना भगत पब्लिक स्कूल में मनाई गई धन्ना भगत की जयंती

**अटल हिंद संवाददाता/कुरुक्षेत्र, 21 अप्रैल।** धन्ना भगत पब्लिक स्कूल में आज भक्त शिरोमणि धन्ना भगत की जयंती बहुत ही हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधन समिति के प्रधान सुभाष बारना सहसचिव जयपाल देशवाल कोषाध्यक्ष विकास सदस्य गुरुदयाल सिंह मलिक सुभाष व समाज के गणमान्य लोगों में ग्रेज व अन्य लोगों ने विद्यालय के प्रांगण में मौजूद धन्ना भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या नीलम दहिया व उप प्राचार्या नीलम कुंडू सहित समस्त स्टाफ के सदस्यों ने मूर्ति पर माल्यार्पण किया। वहां मौजूद सभी ने एक दूसरे को धन्ना भगत की जयंती की बधाई दी। चुंकि आज रविवार होने के कारण विद्यार्थियों को कल ही प्रसाद का वितरण कर दिया गया था। विद्यार्थियों ने धन्ना भगत के जीवन पर अपने-अपने अपने विचार प्रस्तुत किए ।विद्यालय की प्राचार्या नीलम दहिया ने बच्चों को धन्ना भगत जैसा दृढ़ निश्चयी बनने के लिए प्रेरित किया।

## रविवार को नवनियुक्त आईटीआई प्रशिक्षकों की हुई मेडिकल फिटनेस जांच

**अटल हिंद संवाददाता/कुरुक्षेत्र, 21 अप्रैल।** आज रविवार को लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल में नवनियुक्त आईटीआई प्रशिक्षकों की मेडिकल जांच हुई। इसमें उप सिविल सर्जन डॉ. अंजलि वैद्य,वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.तेजेंद्र सिंह चौहान, हृदय,छाती एवं क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ.शैलेंद्र ममगाई शैली, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मनु सोनी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अनीता गोयल, नाक-कान-गला विशेषज्ञ डॉ.विक्रम बंसल एवं पैथोलॉजिस्ट डॉ. विनोद कुमार ने नवनियुक्त प्रशिक्षकों की जांच की और सिविल सर्जन के प्रतिनिधि के रूप में डॉ.अंजली वैद्य ने उन्हें फिटनेस प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर नवनियुक्त आईटीआई प्रशिक्षक अमित ने बताया कि करीब 3200 आईटीआई प्रशिक्षकों की भर्ती 2019 में शुरू हुई थी; जिसमें से करीब 800 लोगों ने अपना पदभार संभाल लिया था। कुछ समय बाद इस प्रक्रिया पर 2023 में अदालत ने स्टे लगा दिया था। अभी कुछ हफ्ता पहले ही अदालत ने स्टे हटा दिया और उसके बाद बाकी बचे आईटीआई प्रशिक्षकों की मेडिकल जांच का कार्यक्रम शुरू कर दिया गया।

# आज बीएमजी मॉल में वोटर्स को मतदान के लिए जागरूक करेंगे सिंगर एमडी रॉकस्टारः जिला निर्वाचन अधिकारी

अटल हिंद/मनोज गोयल



रेवाड़ी, 21 अप्रैल। भारत निर्वाचन आयोग के 18वें लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए रेवाड़ी के सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन-स्वीप (एसवीईईपी) कार्यक्रम के ब्रांड एंबेसडर एवं जाने-माने हरियाणवी सिंगर एमडी देसी रॉकस्टार उर्फ मनोज कुमार सोमवार 22 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से रेवाड़ी शहर के बीएमजी मॉल में ऑडी-4 में मतदाताओं को मतदान करो-मतदान करो राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनो थीम सोंग के साथ जागरूक करते नज़र आएंगे। इस कार्यक्रम में जिला की आधा दर्जन से अधिक शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थी भी भागीदारी करेंगे। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 में जिला में मतदान के ग्राफ को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के लिए यूथ आइकॉन हरियाणवी सिंगर एमडी रॉकस्टार को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। जिला रेवाड़ी में मतदान प्रतिशतता बढ़ाना सुनिश्चित करने के लिए स्वीप गतिविधियों का निरन्तर आयोजन किया जा रहा है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों में 100त्न मतदान के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जा रही है। जिला में विभिन्न प्रकार की जागरूक गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में हरियाणवी सिंगर एमडी देशी रॉकस्टार (मनोज कुमार) अब मतदाताओं को 25 मई मतदान के दिन बढ़चढ़क़र मतदान के लिए प्रेरित करते नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि एमडी रॉकस्टार स्वयं भी एक युवा हैं. ऐसे में जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान व सोशल मीडिया पर युवाओं के लिए उनका संदेश मतदान के ग्राफ को बढ़ाने के लिए उत्प्रेरक का कार्य करेगा।

उन्होंने उत्साहपूर्वक कहा, एमडी रॉकस्टार नए व पुराने मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अपनी आकर्षक धुनों और सकारात्मक ऊर्जा के साथ, यह हरियाणवी यूथ आइकन युवाओं में मतदान के प्रति जोश, उत्साह व जागरूकता का संचार करेगा।

# धूमधाम से मनाया बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर और महामना ज्योतिबा फूले का ब्लाक स्तरीय जयंती समारोह

अटल हिंद/पूर्ण सिंह



अम्बाला। बराड़ा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर कम्यूनिटी सेंटर में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और ज्योतिबा फूले का ब्लॉक स्तरीय जयंती समारोह मनाया गया। श्री गुरु रविदास नगर कीर्तन वेलफेयर सोसायटी और हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बराड़ा उपलमंडल के विभिन्न गांवों से भारी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर हजरस के प्रधान वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पिएगा वह जरूर दहाड़ेगा, इसलिए बेशक रोटी कम खाएं लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं क्योंकि शिक्षित समाज ही तरक्की करता है। भीम आर्मी के प्रदेशाध्यक्ष कमल कुमार बराड़ा ने कहा कि बाबा साहेब सर्वसमाज के नायक थे जिन्होंने समाज को संगठित रहने का मूलमंत्र दिया। इसलिए समाज उनकी बात मानते हुए संगठित होकर आगे बढ़े। हजरस के जिला उपप्रधान प्राध्यापक निर्मल कुमार केसरी ने कहा कि बाबा साहेब और ज्योतिबा फूले की बताई शिक्षाओं पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में हजरस की तरफ से बाबा साहेब की जीवनी पर आधारित पुस्तकें भी वितरित की गई और सेवानिवृत कर्मचारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति सरपंच संघ बराड़ा के प्रधान रामकरण काला, उपप्रधान बलविन्द्र होली, पूर्व पार्षद शमशेर सिंह, लहरी सिंह, संजीव कुमार सिंबला, ऑल इंडिया एससी एसटी बैंक और बरोदा वेलफेयर एसोसिएशन सचिव अमरदीप, संदीप अधोया, दिनेश चंद्र, दिनेश कमल, टेक चंद, पूनम, किरण बाला, रितू गगनपुर, सुभाष अधोया, हीरालाल अधोई, सुरेन्द्र अधोया, जितेन्द्र मनुमाजरा, वीरेन्द्र, सरपंच दर्शन मनुमाजरा, सरपंच रोशन लाल सालेहपुर , रीटा केसरी, सरपंच रवि कुमार सीवनमाजरा, प्रवीण कुमार अलावलपुर, सरपंच रिंकू मचल तलहेड़ी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# संघ का परिवार, भाजपा का परिवार या मोदी का परिवार !

**संघ, भाजपा, मोदी, एक ही परिवार के, राजनीति भिन्नता जग जाहिर**

**इसको समझने के लिए सबसे आसान तरीका आज की राजनीति**

**पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय ताऊ देवीलाल के परिवार की राजनीति देखें**

**अनेक भाजपा नेताओं का ट्विटर पर मोदी परिवार लिखने से परहेज**

अटल हिंद/फतह सिंह उजाला



गुरुग्राम / पटौदी 21 अप्रैल । 400 पार अबकी बार 400 पार । इस नारे या जुमले के बीच राजनीति किस तरफ और किस प्रकार से जा रही है । यह भी चिंतन और मंथन का विषय बना दिखाई दे रहा है। राजनीति में राजनीति आ गई है ? कुछ भी समझ पाना आसान नहीं रह गया । मैं भी मोदी का परिवार- मैं भी मोदी का परिवार -मैं भी मोदी का परिवार, लेकिन इसका कोई तो आधार भी होना चाहिए । बहुत से वरिष्ठ भाजपा नेताओं के द्वारा ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर स्वयं को या मोदी को अपना या परिवार हैं या फिर परिवार में फिर मोदी का परिवार बताने से परहेज किया गया है । यह ठीक है जिसकी जैसी आस्था बनी हुई है, वह वैसे ही परिवार के प्रति निष्ठा है । यह भी अपने आप में एक सवाल है कि क्या बीजेपी पीएम मोदी का परिवार है या पीएम मोदी भाजपा को परिवार लिख रहे हैं ? यह बात सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट एवं कांग्रेस नेत्री श्रीमती पर्ल चौधरी ने परिवार और राजनीति पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही है।

उन्होंने कहा राजनीति ने परिवार जोड़े, राजनीति ने परिवार तोड़े या फिर राजनीति के कारण परिवार टूटे या जुड़े हैं ? इसी तरह आज संघ परिवार, भाजपा का परिवार और मोदी का परिवार देश की राजनीति के चौसर में अलग अलग मोहरे को रखे हुए हैं।

पूरे देश मे संकल्प पत्र की जिल्द में हवा हवाई जुमलों की खेप जनता को परोसी गई है और इसे मोदी की गारण्टी का नाम दिया गया है । यानि की इस जुमला संकल्प पत्र को न ही संघ ने स्पष्ट रूप से अपनी गारण्टी बताया और न ही भाजपा ने गारण्टी की मान्यता दी है।

कांग्रेस नेत्री श्रीमती चौधरी ने कहा पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी देवीलाल लाल जी के चार सुपुत्र हैं, ओमप्रकाश चौटाला, प्रताप चौटाला, जगदीश चौटाला और रणजीत चौटाला।

ओमप्रकाश चौटाला के दो सुपुत्र हैं अजय चौटाला, अभय चौटाला। रवि चौटाला, प्रताप चौटाला के सुपुत्र हैं और सुनैना चौटाला, रवि चौटाला की धर्मपत्नी हैं। ओमप्रकाश चौटाला, अभय चौटाला, रवि चौटाला एवं सुनैना चौटाला इंडियन नेशनल लोकदल के कर्ताधर्ता हैं हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला दिग्विजय चौटाला, नैना चौटाला और अजय चौटाला जी के सुपुत्र हैं और ये चारों जननायक जनता पार्टी के संस्थापक कर्ताधर्ता हैं । इस परिवार के राजनीति का चौसर, 2024 के हिसार लोकसभा चुनाव से समझते हैं। नैना चौटाला जननायक जनता पार्टी से उम्मीदवार हैं। रणजीत चौटाला भारतीय जनता पार्टी से उम्मीदवार हैं। सुनैना चौटाला, इंडियन नेशनल लोकदल से उम्मीदवार है।

उन्होंने कहा देश में राजनीति का चौसर कुछ कुछ हिसार की तर्ज पे आ गया है । रणजीत चौटाला, नैना चौटाला और सुनैना चौटाला यह तीनों ही हैं तो देवीलाल जी के परिवार के ही, लेकिन सबका राजनीतिक लक्ष्य अलग अलग हो गया है।

वैसे ही संघ, भाजपा और मोदी, हैं तो एक ही परिवार के, लेकिन आज तीनों की राजनीति में भिन्नता जग जाहिर हो गई है। परिवारवाद की समय समय पर आलोचना करने वाले मोदी जी के कट्टर समर्थक अपने आप को सिर्फ ÷मोदी का परिवार÷ लिखते हैं न की भाजपा या संघ का परिवार लिखते हैं। मोदी लिखने का मतलब यही हो गया की व्यक्तिगत समर्थक , भाजपा परिवार लिखते यह साबित हो जाता पार्टी या संगठन के कार्यकर्ता अथवा समर्थक हैं।

पहले चरण के चुनावों में इसीलिए मतदान का प्रतिशत भी घटा है । 4 जून को जब हिसार सहित देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों का ईवीएम खुलेगा, तो एक ही नारा गूँजेगा। म्हारा वोट , न चौटाला परिवार खातिर और न ही संघ, भाजपा या मोदी परिवार खातिर । म्हारा वोट म्हारे परिवार खातिर, म्हारा वोट कांग्रेस की खातिर।

# जाटोला गांव में समाज उत्थान न्यास संस्था ने की काउंसलिंग




अटल हिंद संवाददाता

पटौदी। समाज उत्थान न्यास संस्था के तत्वावधान में एवं समस्त ग्रामवासी जाटोला गांव के सहयोग से 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं पास कर चुके या जिनका परिणाम आने वाला है, उन विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग कक्षाओं का आयोजन किया गया।

जाटोला गांव में रविवार को सैनी धर्मशाला के निकट शिव मंदिर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ओम प्रकाश सैनी, राजिंदर पाल, मांगे राम सैनी, दीपक, गंगा देवी, किरण बाला, दिनेश आदि मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम में अनेक ग्रामीणों व बच्चों ने शिरकत की। इस दौरान डिफेंस एवं बैंकिंग क्षेत्र से बुधराम सैनी, फाइनेंस क्षेत्र से हितेश, तकनीकी क्षेत्र से नरेश कुमार, देवेंद्र सैनी मास्टर, सीएससी सेंटर एक्सपर्ट राकेश, गगन दीप ने मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में अपना वक्तव्य दिया। प्रशिक्षित काउंसलर्स की ओर से बच्चों को बेहतर काउंसलिंग की गई। बच्चों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी कांउलर ने देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। हितेश सैनी ने कहा कि स्कूली जीवन से ही बच्चों को अपना लक्ष्य तय कर लेना चाहिए कि वे भविष्य में क्या करना चाहते हैं। क्या बनना चाहते हैं। तभी वे आगे चलकर अपना मार्ग आसानी से चुनकर उस पर चल सकेंगे। किसी भी उधेड़बुन में हों तो अपने से बड़ों से सलाह जरूर करें।

समाज का हर व्यक्ति मूल्यवान होता है। चाहे कोई शिक्षित हो या अशिक्षित, अपने हिसाब से वह काउंसंलिंग करके सही राह दिखा सकता है। बड़े-बुजुर्गों के पास जीवन का अनुभव होता है। इसलिए ज्ञान वहां से भी लिया जा सकता है। गगन दीप ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा कि जीवन में कई समस्याएं आती हैं। कठिनाई छोटी हो या बड़ी, उससे घबराना नहीं चाहिए। उससे लडक़र बाहर आने की कला हमें आनी चाहिए।

# आईएमटी मानेसर की तर्ज पर कोसली में लाएंगे औद्योगिक क्षेत्र : दीपेन्द्र हुड्डा

अटल हिंद/मनोज गोयल



रेवाड़ी, 21 अप्रैल। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान व सांसद दीपेंद्र हुड्डा आज कोसली हलके में आयोजित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में शिरकत करने पहुंचे। इस दौरान जय भीम के नारे के साथ दोनों नेताओं का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि बाबा साहब ने शोषित, पीड़ित वर्गों की आवाज़ बनकर देश में सामाजिक क्रांति का बिगुल फूंका। जब कभी किसी गरीब पर अत्याचार हुआ तो बाबा साहब ने आगे आकर गरीब का साथ दिया और विभाजनकारी शक्तियों को चुनौती दी। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बाबा साहब के नेतृत्व वाली संविधान सभा ने संविधान के माध्यम से देश की नींव रखने का काम किया। स्वतंत्रता, बराबरी और भाईचारे के मूलमंत्र के आधार पर देश आगे बढ़ा। लेकिन आज भाजपा के नेता 400 पार का नारा लगाते हुए बोल रहे हैं कि सरकार आने पर वो संविधान बदल देंगे। दीपेंद्र हुड्डा ने भाजपा के उन नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा चाहे जितना जोर लगा ले बाबा साहब के संविधान का एक अक्षर भी बदलने नहीं देंगे। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा को बेरोजगारी के चौराहे पर खड़ा कर दिया। प्रदेश को महंगाई, बेरोजगारी, अपराध और भ्रष्टाचार से कलंकित करने का काम किया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार के समय उन्होंने रेवाड़ी को शिक्षा का हब बनाने का प्रयास किया और यहाँ 19 संस्थान खुलवाए। जिनमें मीरपुर में इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी, कृष्णनगर (लूला अहिर) में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय का रीजनल सेंटर बनाया इस बार मौका मिला तो कृष्ण नगर में महिलाओं के लिए यूनिवर्सिटी बनवाने का काम करेंगे। इसके अलावा आईएमटी मानेसर की तर्ज पर कोसली क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र लेकर आयेंगे ताकि युवाओं को रोजगार मिले।इससे पूर्व उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

# शमशान घाट की दीवार गिरी 02 बच्चियों सहित 05 की मृत्यु

**दीवार गिरने की यह घटना सीसीटीवी में हो गई कैद**

**दीवार गिरते ही बचाव के लिए पहुंचे स्थानीय निवासी**

अटल हिंद संवाददाता




गुरुग्राम 21 अप्रैल । शनिवार को वीर नगर, गुरुग्राम में स्थित शमशान घाट की अर्जुन नगर की तरफ की दीवार गिरने से दीवार के पास बैठे 04 व्यक्ति तथा गली में मौजूद 02 बच्चियां दीवार के नीचे दब गई। दीवार गिरने वहां बैठे लोगों के बने के कारण मोहल्ले में हड़कंप मच गया । अचानक ताश के पत्ते की तरह भारी भरकम दीवार गिरने तथा बैठे लोगों के बचाव की चीख सुनकर आसपास के निवासी बचाव के लिए दौड़े चले आए। इसके साथ ही इस घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को भी दे दी गई ।

पुलिस चौकी अर्जुन नगर की पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुँची तथा स्थानीय लोगो की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया । जहां पर 02 बच्चियों सहित 05 लोगों की मृत्यु हो गई। मृतकों की पहचान तान्या पुत्री विनोद निवासी वीर नगर, गुरुग्राम उम्र-11 वर्ष, देवीदयाल उर्फ पप्पू निवासी अर्जुन नगर, गुरुग्राम उम्र-70 वर्ष, मनोज गाबा निवासी अर्जुन नगर, गुरुग्राम उम्र-54 वर्ष, कृष्ण कुमार निवासी अर्जुन नगर, गुरुग्राम उम्र-52 वर्ष व खुशबू पुत्री सुनील कुमार निवासी वीर नगर, गुरुग्राम* के रूप में तथा एक घायल की पहचान दिलीप कुमार उर्फ दीपा प्रधान निवासी अर्जुन नगर, गुरुग्राम के रूप में हुई है।

घायल दिलीप कुमार की शिकायत पर थाना न्यू कॉलोनी, गुरुग्राम में शमशान भूमि सुधार समिति प्रबंधन के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया है। पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जा रही है।

# संपादकीय

## आखिर क्यों धधक रही है पृथ्वी?

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं।

प्रकृति पिछले कुछ वर्षों से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत दे रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि बड़ी बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।

धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे।

सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी।

## वैधानिक सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि इस समाचार पत्र में मुद्रित होने वाले किसी भी विज्ञापन पर आपत्ति करने वह कानूनी कार्रवाई करने से पहले विज्ञापन में दी गई शर्तों व नियमों दावों और सेवा के बारे में पूरी तरह से जानकारी हासिल कर जांच पड़ताल कर लें यह दैनिक अटल हिंद समाचार पत्र किसी भी उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विषय में विज्ञापनदाता द्वारा दिए गए दावों का उल्लेख करता है मैं ही पुष्टि करता है ना ही उसके पक्ष में है किसी भी विज्ञापन के संबंध में विज्ञापनदाता उत्तरदायी होगा ना कि दैनिक अटल हिंद समाचार पत्र पूर्व में विज्ञापन के संबंध में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर अपना समाधान समय करें समाचार प्रबंधन की सीधी बात के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। **विज्ञापन प्रबंधक**

**अटल हिंद**

मुद्रक तथा प्रकाशक स्वामी राजकुमार अग्रवाल द्वारा वत्स ऑफसेट, मुद्दा हाउस, सी - ब्लाक बारात घर कोडा, रघुनाथपुर, -32, नोएडा (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर 28, ई ब्लाक, विष्णु मार्केट, अपोजिट ओल्ड बस स्टैंड, कैथल (हरियाणा) से प्रकाशित कराया। संपादक - राजकुमार अग्रवाल, पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कैथल, हरियाणा होगा।) मोबाइल नं0 - 09416111503, 09802153000

ई मेंल- atalhind@gmail.com/ atalhindnews@gmail.com

# कटाक्ष : विरोधी मोदी जी का विरोध करने के लिए और कितने नीचे जाएंगे!

राजेंद्र शर्मा

ये विरोधी, मोदी जी का विरोध करने के लिए और कितने नीचे जाएंगे। बताइए, अब इसका भी विरोध कर रहे हैं कि दूरदर्शन समाचार का लोगो क्यों बदल दिया? और लोगो की लिखत बदली तो बदली, लोगो का रंग क्यों बदल दिया? और रंग भी बदला तो बदला, रंग लाल से बदलकर भगवा क्यों कर दिया? बताइए, अजब हुज्जत है। दस साल में मोदी जी पूरा का पूरा चैनल बदल डाला। चैनल तो चैनल, समाचार ही बदल डाला। टीवी समाचार भी सिर्फ सरकारी दूरदर्शन का नहीं, अंबानी-अडानी-जैन-पुरी आदि निजधारी चैनलों का भी बदल डाला। मीडिया को सरदर्दी से गोदी सवार तक बना डाला। उस सब का कुछ नहीं और रंग बदलने पर हंगामा। और ये विरोध सिर्फ भगवाकरण का नहीं है। मोदी जी कांग्रेस के मुस्लिम लीग के और बचे-खुचे मामले में कम्युनिस्टों के पीछे चलने पर यूं ही चिंता थोड़े ही जताते हैं। बताइए, भगवाकरण का विरोध करने के लिए क्या अब कांग्रेसी, दूरदर्शन के लाल रंग के लोगो की हिमायत करने तक चले जाएंगे? जी हां, जो लोगो बदला गया है, लाल रंग का था, लाल रंग का। यह लाल रंग कब उन्हें छोड़ेगा! वही लाल रंग, जिसे चुनाव में पब्लिक ने बार-बार

### क्या हुआ दूरदर्शन भगवा बन गया तो ?




पहले का दूरदर्शन

2014 के बाद अब तक का दूरदर्शन

ठुकराया है और एक कोने में पहुंचा दिया है। उसी विदेशी लाल रंग को अमृतकाल में भारत कब तक ढोता रहता और वह भी तब जबकि स्वदेशी भगवा रंग सामने है। अब प्लीज कोई यह मत कहना कि खून तो हमारा भी लाल है, इसलिए लाल रंग भी देसी है। खून का रंग लाल है, यह भी पश्चिमी प्रचार है। वर्ना गोरक्षकों वगैरह ने जब भी खून बहाया है, उन्होंने तो खून भगवा ही पाया है, जो वक्त गुजरने के साथ काला तो पड़ जाता है, पर लाल कभी नहीं होता।

हम तो कहते हैं कि यह प्रश्न ही गलत है कि दूरदर्शन के लोगो का रंग भगवा क्यों कर दिया? सही प्रश्न यह है कि मोदी जी के होते हुए भी अब तक कोई और रंग कैसे था? बल्कि उससे भी सटीक प्रश्न यह है कि दूरदर्शन के लोगो का लाल रंग, करतूत किस की थी? नेहरू की या इंदिरा जी की? उन्होंने जानबूझकर दूरदर्शन का लोगो का रंग लाल कराया होगा, कि बाद में मोदी आए और बदलवाए, तो इनके परिवारवादी वंशजों को उसे यह गाली देने का एक और बहाना मिल जाए कि मोदी सब का भगवाकरण कर रहा है, सारे रंगों को हटाकर भगवा रंग पोत रहा है। पर दुनिया जानती है कि यह सच नहीं है। केसरिया झंडा अब भी तिरंगे की बगल में ही लग रहा है। माना कि भगवा अब तिरंगे से ज्यादा लग रहा है, तिरंगे से ऊपर लग रहा है, फिर भी अभी तिरंगा है तो सही। तिरंगे का हरा रंग तक तो अब तक हटा नहीं है, फिर बाकी सारे रंग हटाने का झूठा शोर क्यों मचाया जा रहा है!


और इन विरोधियों से इसकी कद्र करने की उम्मीद तो की ही कैसे जा सकती है कि दूरदर्शन के लोगो में यह बदलाव किस सुघड़ी में किया गया है। जी हां! दूरदर्शन के लोगो में यह बदलाव, रामनवमी के पवित्र दिन पर किया गया है। राम नवमी भी ऐसी-वैसी नहीं, राम के अयोध्या में अपने पक्के मकान में लाए जाने के बाद, पहली राम नवमी। वह राम नवमी जो पांच सौ वर्ष की प्रतीक्षा, तपस्या और संघर्ष के बाद आयी है! वह राम नवमी जिस पर मोदी जी ने, राम के माथे पर सूर्य तिलक कराया है। वह सूर्य तिलक वाली रामनवमी, जिस पर मोदी जी भावुक हो उठे और असम में चुनावी सभा में चुनावी भाषण छोड़कर, भरी दोपहरी में लोगों से सेल फोन की टॉर्च से किरण फेंकवाने लगे, कि कहीं सूर्य की किरणों का टोटा न पड़ जाए और राम का सूर्य तिलक छोटा न पड़ जाए। और राम, लक्ष्मण, जानकी के जयकारे लगवाने लगे, तो लगवाते ही चले गए। चुनाव सभा को धर्म-सभा में बदलते ही चले गए। पर जिन्हें दूरदर्शन का लोगो तक बदलने पर आपत्ति है, चुनाव सभा के धर्म-सभा में बदलने की महत्ता क्या समझेंगे। उल्टे बेचारे चुनाव आयोग की नींद में खलल डालने में लगे हुए हैं कि क्या भांग पीकर सोया पड़ा है? चुनाव के लिए धर्म की दुहाई के इस्तेमाल को रोकने के लिए कुछ करता क्यों नहीं है, वगैरह, वगैरह। अब इन्हें कौन समझाए कि चुनाव आयोग मोदी के कामों में तो दखल फिर भी दे सकता है, पर राम के काम में और राम के नाम में तो, चुनाव आयोग भी दखल नहीं दे सकता है।

अब जिन विरोधियों को दूरदर्शन के लोगो का रंग बदलना या चुनाव सभा को धर्म-सभा में बदलना तक हजम नहीं हो रहा है, उनसे संविधान बदलने के वादे हजम करने की कोई उम्मीद ही कैसे कर सकता है। अनंत हेगड़े साहब ने बाकायदा खुलासा कर के बताया कि मोदी जी को अबकी बार चार सौ पार ही क्यों चाहिए; उससे कम नहीं। चार सौ पार नहीं होगा, तो संविधान में छोटे-मोटे संशोधन करने में ही अटके रह जाएंगे, पर संविधान नहीं बदल पाएंगे। लेकिन, चार सौ पार की जरूरत को समझने के बजाए, विरोधियों ने इसका शोर मचाना शुरू कर दिया कि ये तो बाबा साहब का संविधान ही बदल डालेंगे। इस बार चुनाव में नहीं हराया तो फिर ये हारने-हराने का किसी को मौका ही नहीं देंगे! फिर ज्योति मिर्धा ने कहा, संविधान बदलना होगा। लल्लू सिंह ने कहा कि मोदी जी को मजबूत करो, संविधान बदलना है। फिर भी भाई लोग नहीं समझे। अब तो स्वयं टेलीविजन वाले राम, अरुण गोविल जी ने भी कह दिया है कि संविधान पुराना पड़ गया है, उसे तो बदलना ही होगा, तब भी भाई लोग समझने को तैयार नहीं हैं। तब मोदी जी को ही घुमाकर कान पकडऩा पड़ गया और संविधान छोड़, उसे बनाने वाली संविधान सभा को ही बदलने का रास्ता पकडऩा पड़ गया। उन्होंने संविधान बनाने वालों के ही अस्सी-नब्बे फीसद से ज्यादा को, एक ही झटके में सनातनी बना दिया। अब सनातनियों का प्रचंड बहुमत बनाएगा, तो संविधान सनातनियों का संविधान ही तो कहलाएगा। संविधान न सही संविधान की उद्देशिका तो बदलने दो यारो-- हम भारत के सनातनी...!

# सोच-समझकर वोट दें, ताकि वर्ष 1977 के चुनाव की तरह तानाशाह को बाहर का रास्ता दिखाया जा सके

**आज जब लोकतंत्र का अस्तित्व संकट में है, तब भी छोटे राजनीतिक कद लेकिन विराट अहंकारी विपक्षी नेता आपसी सहमति और एकजुटता से चुनाव लड़ने को इच्छुक नहीं हैं.**

मैथ्यू जॉन



यह चुनाव हमारे लोकतंत्र के लिए निर्णायक घड़ी है. विकल्प बहुत कठिन है- आजादी और निरंकुश शासन के बीच से किसी एक को चुनना है. हमारी स्थिति इससे अधिक निराशाजनक नहीं हो सकती कि चारों तरफ धार्मिक कट्टरपंथी, जबरन वसूली करने वाले, दलाल, रैकेटियर और सांप्रदायिक द्वेष फैलाने वाले हावी हैं, और उन्हें शासन की अराजक जांच एजेंसियों और सहभागी तत्वों का समर्थन प्राप्त है. 'अबकी बार 400 पार' का उनका नारा हमारे देश पर तलवार की तरह लटक रहा है.

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) द्वारा लोकसभा की 400 सीटें जीतने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मविश्वास उनकी सरकार की आक्रामकता का प्रमाण है या अपनी कठोर और वर्चस्ववादी शासन-नीति के आधार पर वह यह दावा कर रहे हैं? एक बड़े दैनिक अखबार के संपादक ने चेतावनी देते हुए कहा कि '400 पार' की जीत के नारे में विपक्ष मुक्त भारत पर स्थायी बहुमत प्राप्त करने का भाव है, जो उस भारत के विचार को ही खतरे में डालता है, जिसकी संकल्पना स्वतंत्र भारत के हमारे संविधान निर्माताओं ने की थी. सीधे-सीधे कहें तो उनका ध्येय देश के संविधान को समाप्त कर वीर सावरकर के आदर्शों के हिंदू राष्ट्र का निर्माण है.

'400 पार' के नारे के पीछे हमारे मस्तिष्क को प्रभावित करने वाला एक खेल भी चल रहा है, जिसे क्रिकेट के एक उदाहरण से समझा जा सकता है. टेस्ट क्रिकेट के सर्वकालीन सफल कप्तान स्टीव वॉ, जिनकी जीत/हार का आंकड़ा 4.55 है, अपनी विपक्षी टीम पर दबाव बनाने के लिए एक रणनीति अपनाते थे. इसके तहत विपक्षी टीम को मनोवैज्ञानिक रूप से डराने की कोशिश की जाती थी, उसका उपहास उड़ाया जाता था, उसे विश्वास दिलाने का पूरा प्रयत्न होता था कि वह बुरी तरह हारेगी. परिणामस्वरूप, मैदान पर विपक्षी टीम बिखर जाती थी. ठीक उसी तरह, 400 से अधिक सीटें जीतने की नरेंद्र मोदी की डींग, और तीसरी बार सत्ता में आने पर शुरुआती 100 दिनों की योजना के लिए अपने मंत्रिमंडल और रिजर्व बैंक को तैयार रहने से संबंधित प्रचार दरअसल चुनावी मैदान में उतरने से पहले ही विपक्ष के आत्मविश्वास को ध्वस्त करने की रणनीति है. सभी सरकारी अधिकारियों को यह एकतरफा संदेश देने की कोशिश तो और भी खतरनाक है कि अगर वे अपनी भलाई चाहते हैं, तो सरकार के निर्देशों का पालन करें, अन्यथा

भाजपा का तीसरी बार सत्ता में आना इस देश के लिए गंभीर खतरा होगा, लेकिन विपक्ष इस खतरे से निपटने के लिए क्या तैयारी कर रहा है? मुझे याद है कि 2019 के चुनाव से पहले अरुण शौरी ने कहा था कि मोदी की भाजपा को सत्ता में लौटने से रोकने का एकमात्र तरीका यह है कि हर लोकसभा सीट पर भाजपा के खिलाफ विपक्ष का साझा उम्मीदवार हो. लेकिन तब कांग्रेस की कमजोरी तथा आधारहीन आत्मविश्वास के कारण विपक्ष पूरी तरह बिखर गया था, जिससे भाजपा को आसान जीत हासिल हुई थी.

इस बार जब लोकतंत्र का अस्तित्व संकट में है, तब भी छोटे राजनीतिक कद लेकिन विराट अहंकार वाले विपक्षी नेता आपसी सहमति और एकजुटता से चुनाव लड़ने को इच्छुक नहीं हैं, जबकि इस अशुभ शक्ति को बाहर करने के लिए एक साथ मिलकर लड़ना आवश्यक है. लेकिन स्थिति यह है कि पश्चिम बंगाल, पंजाब और कश्मीर घाटी में विपक्ष बिखरा हुआ है, जबकि दक्षिण भारत से बाहर ये तीन क्षेत्र ऐसे हैं, जहां विपक्ष अगर साझा उम्मीदवार उतारे, तो करीब 50 सीटें जीत सकता है. लेकिन इन तीनों जगहों में त्रिकोणीय या चतुष्कोणीय चुनाव हो रहे हैं. ऐसे में भाजपा के लिए सीटें जीतना आसान हो जाएगा. राजनीतिक विश्लेषक प्रशांत किशोर का मानना है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा सबसे बड़ी विजेता के रूप में सामने आएगी. इसी तरह महाराष्ट्र में प्रकाश आंबेडकर के नेतृत्व वाली वीबीए (वंचित बहुजन अघाड़ी) कई सीटों पर जीत में बड़ी भूमिका निभा सकती है, लेकिन वह महाविकास अघाड़ी के साथ नहीं है, जो '400 पार' का नारा लगाने वालों के लिए उत्साह बढ़ाने वाली बात है.

हमारे प्रधानमंत्री दुनिया के उन कुछ नेताओं में से हैं, जिन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए जान-बूझकर इस देश के लोगों को बांट दिया है. ज्यादा डरावनी बात यह है कि देश के लोगों में यह धारणा बन गयी है कि वह मुस्लिमों को उनकी असली जगह दिखा रहे हैं. यह उनका विशिष्ट गुण है. चुनाव के समय वह अपनी विभाजनकारी राजनीति का अचूक इस्तेमाल करते हैं, जैसा कि इस चुनाव में कांग्रेस के घोषणापत्र को उन्होंने 'मुस्लिम लीग से प्रभावित' बताकर किया है.

मोदी की तीसरी पारी, जो फिलहाल तय भले लगती हो, अभी वास्तविकता में नहीं बदली है. आधुनिक राष्ट्र की नींव रखने वाले हमारे संस्थापकों ने जिस भारत की संकल्पना की थी, उसे वापस पाने के लिए किसी क्रांतिकारी आंदोलन की जरूरत नहीं है. यह चुनाव एक सत्तावादी से, जो भ्रष्ट तो है ही, विभाजनकारी नीति के जरिये सरकार चला रहा है, छुटकारा पाने के लिए ईश्वर द्वारा प्रदान किया गया आखिरी अवसर है (बहुत लोग इसे आखिरी चुनाव मान रहे हैं). इंडिया गठबंधन से अलग-अलग लोकसभा सीटों पर आपसी सहयोग और दरियादिली की अपेक्षा थी, लेकिन इसके बजाय वे अपने सहयोगियों के लिए मुश्किलें ही खड़ी कर रहे हैं. उदाहरण के लिए, वाम (लेफ्ट) दलों को क्या तिरुवनंतपुरम और वायनाड में अपने उम्मीदवार खड़े करने से परहेज नहीं करना चाहिए था? इसकी भरपाई वे कहीं और कर ही सकते थे. इस तरह वे अपने सहयोगियों और समर्थकों समेत बाहरी दुनिया में यह संदेश दे सकते थे कि जीवन और मृत्यु की इस निर्णायक लड़ाई में असली शत्रु कौन है. अपने अहं से चालित इन राजनीतिक दलों को, जो छोटे और तात्कालिक हितों से ऊपर उठने में सक्षम नहीं हैं, यह याद दिलाने की जरूरत है कि अगर मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं, तो सबसे पहले उन्हें कुचलेंगे और कोई आंसू बहाने वाला नहीं होगा. मोदी के तीसरी बार सत्ता में आने की संभावना पहले से कहीं ज्यादा है, जिससे देश के भविष्य के बारे में अंदाज लगाया जा सकता है. आखिर हमने देखा ही है कि हमारी आजादी को संरक्षित करने वाली संस्थाओं ने पिछले कुछ वर्षों में सत्तावादी शासन के खिलाफ संघर्ष करने के बजाय किस तरह आत्मसमर्पण कर दिया है. अगर 'तीसरी बार मोदी सरकार' आई, तो यह स्पष्ट है कि चापलूसों और क्षुद्र लोगों की ताकत बढ़ेगी और हर संस्थान भगवा रंग में रंग जाएगा.

एक समय था, जब हमारे समाज विज्ञानी यह मानते थे कि विधायिका, राजनीतिक कार्यपालिका, न्यायपालिका और स्थापित सत्ता केंद्रों से बाहर की ताकतों में से सिर्फ चौथे स्तंभ यानी प्रेस और मीडिया में ही समाज में रूपांतरणकारी बदलाव लाने की शक्ति है. महान मानवतावादी और चिंतक हावर्ड ज़िन ने आम नागरिकों को ही 'अंतिम शक्ति' और 'सरकार की गाड़ी को समानता व न्याय की दिशा में ले जाने वाला इंजन' बताया है, वह मानते थे कि आम जनता ही सीधी और अहिंसक कार्रवाइयों के जरिये अन्यायकारी संस्थाओं और भेदभाव भरी नीतियों को उखाड़ फेंक सकती है.

हावर्ड ज़िन को आजादी के हमारे आंदोलन, मार्टिन लूथर किंग के नागरिक अधिकार आंदोलन और दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद-विरोधी आंदोलन की याद तो थी ही, इनके अलावा हुए उल्लेखनीय आंदोलन भी उनके दिमाग में थे. 'मैं इतना पुराना तो हूं कि एक और आंदोलन को गर्व के साथ याद कर सकता हूं. मैंने 1977 का वह आंदोलन देखा है, जब इस देश की जनता ने आजाद भारत के पहले तानाशाह को उखाड़ फेंका था. मगर वह सीधे-सीधे 'लुंपेन फासीवाद' या गुंडा राज था, जिसने विरोधियों में डर पैदा करने और उन्हें निहत्था करने के लिए सर्जन के चाकू (नसबंदी), डंडे और दमन का इस्तेमाल किया. संजय गांधी और उनके गुंडों ने आपातकाल को दमनकारी बना दिया था, राहत (यदि आप इसे ऐसा राहत का नाम दे सकें) बस इतनी थी कि उस दौरान दमन के लिए लोगों को जाति या पंथ के आधार पर नहीं चुना गया था. सिर्फ राजनीतिक विरोधियों को कीमत चुकानी पड़ी थी.

तब से बहुत कुछ बदल चुका है. सामाजिक और आर्थिक ढांचे के रणनीतिक पदों पर कब्जा जमाए शक्तिशाली अभिजात वर्ग ने सबक सीख लिए हैं, लिहाजा उन्होंने ताकतवरों और सुविधाभोगी वर्ग के हितों को उन लोगों से बचा कर रखा है, जो बढ़ती सामाजिक और आर्थिक असमानता के खिलाफ विरोध कर रहे हैं. नतीजतन, न्याय के लिए सामान्य नागरिकों द्वारा हाल के वर्षों में लड़ी गई लड़ाई में सफलता की तुलना में विफलता ज्यादा हाथ लगी है.

कॉरपोरेट दादागिरी और लालच के खिलाफ 2008 के 'ऑक्युपाई वॉल स्ट्रीट आंदोलन' ने दुनिया भर को चकित-स्तंभित कर दिया था, इसके बावजूद न तो समाजों में बदलाव आया, न ही बढ़ती सामाजिक-आर्थिक असमानता के खिलाफ जनाक्रोश दिखा, जो पाशविक ताकत और कुलीन तंत्र के बने रहने का ही उदाहरण है. अपने यहां वर्ष 2020 में महिलाओं ने सीएए के खिलाफ जिस आंदोलन को बल प्रदान किया था, उसे बहुसंख्यकवादी राष्ट्र की पाशविक ताकत, हिंसक भीड़ और सुनियोजित दंगों के जरिये बेअसर कर दिया गया था.

जन आंदोलन तभी सफल हो सकता है, जब लक्ष्य समान हों और सिविल सोसाइटी के अलग-अलग वर्ग के बीच तालमेल हो. लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि पिछले एक दशक में सत्तारूढ़ राजनीतिक-धार्मिक पार्टी ने देश को तो रसातल में डाल ही दिया है, इसने आम नागरिकों के बीच भय और असुरक्षा की भावना पैदा कर सुनियोजित तरीके से समाज को विभाजित भी कर दिया है. सामाजिक एकजुटता को व्यवस्थित ढंग से कमतर करने के कारण हम सरकार के खिलाफ वैसा आंदोलन नहीं देख पा रहे, जैसा 2011-12 में सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ हुआ था.

समाज का एक वर्ग - यानी मध्यम वर्ग ङ्क उस संघर्ष से पूरी तरह कटा हुआ है, जिसके जरिये लोगों के अधिकारों की रक्षा की जाती है और उनके कल्याण को प्रोत्साहित किया जाता है. यह सिविल सोसाइटी का वह असामाजिक हिस्सा है, जो या तो एक वर्ग के खिलाफ हिंसा में सक्रिय हिस्सेदार है या फिर उस हिंसा का मूकदर्शक है.

लेकिन सबसे निंदनीय दरअसल समाज के वे डरपोक तत्व हैं, जो वैसे तो खुद को उदारवादी मूल्यों के हिमायती बताते हैं, लेकिन सत्ता की हिंसा पर चुप रहकर वे मान बैठते हैं कि वे हिंसक भीड़ से अलग हैं. ये वे लोग हैं, जो लगातार अन्याय की घटनाओं की अनदेखी करते हैं या कतराकर निकल जाते हैं. यहां तक कि ये लोग अनौपचारिक बातचीत में भी सत्ता के खिलाफ अपनी नाराजगी जताने में डरते हैं. औपचारिक बैठकों में उनसे सत्ता के खिलाफ टिप्पणी की अपेक्षा करना बेशक ज्यादा है, लेकिन ध्यान रहे कि न्याय के लिए उठी हर आवाज, चाहे वह कितनी भी धीमी क्यों न हो, मायने रखती है. ऐसी भयभीत चुप्पी तानाशाह और उसके लाखों समर्थकों को प्रोत्साहित करती है, जो बखूबी जानते हैं कि ये तटस्थ लोग उनके सबसे बड़े सहयोगी हैं. इन अप्रतिबद्ध लोगों में से कुछ प्रकारांतर से मोदी का समर्थन करते हुए पूछते हैं कि 'मोदी जी का विकल्प क्या है?' इस पर मेरा जवाब है- 'मोदी जी के नेतृत्व में यह देश जिस बदतर हालत में पहुंचा है, क्या पूरी दुनिया में इससे भी बदतर कोई जगह है?'

यह चुनाव देश की आत्मा को वापस लौटाने की लड़ाई से कम नहीं है. यह उन सबका नैतिक दायित्व है, जिन्हें इस देश की परवाह है और जो सहिष्णुता, समानता व न्याय जैसे जीवन मूल्यों की चिंता करते हैं और अपने स्वार्थ व छोटे-मोटे मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय राजनीति में लोकतंत्र और शालीनता की वापसी के लिए संघर्ष कर रहे हैं. मैं आपको, और खासकर अपने गुजराती भाइयों को याद दिलाना चाहता हूं कि इस देश की जनता के तौर पर हम महात्मा गांधी और सरदार पटेल जैसे दो सर्वोत्कृष्ट गुजरातियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, न कि उन दो धोखेबाजों का, जो हमारा जीवन बर्बाद करने पर तुले हैं. इसलिए मेरा अनुरोध है कि सोच-समझकर वोट दें, ताकि वर्ष 1977 के चुनाव की तरह तानाशाह को बाहर का रास्ता दिखाया जा सके.

(मैथ्यू जॉन एक सेवानिवृत्त लोक सेवक हैं)

## एक नजर

### संसद से सांसदों और पत्रकारों के जूते चोरी

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान की संसद में सांसदों और पत्रकारों के जूते चोरी हो गए। सांसद, पत्रकार और संसद का स्टाफ परिसर में मौजूद मस्जिद में जुमे की नमाज के लिए गया था। जब लोग मस्जिद से बाहर आए तो उनके जूते चोरी हो चुके थे। चोर 20 जोड़ी जूते साथ ले गए। इसके बाद सांसद नंगे पैर ही संसद लौटे। नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। नमाज के वक्त संसद में मौजूद सुरक्षा अधिकारी अपनी पोजिशन पर तैनात नहीं थे। स्पीकर के आदेश के बाद जॉइंट सेक्रेटरी और सीनियर पुलिस अफसरों मामले की जांच करेंगे। सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### नाव डूबने से 58 लोगों की मौत, कई लापता, तलाश जारी

बांगुई,(एजेंसी)। मध्य अफ्रीकी गणराज्य में नाव पलटने से 58 लोगों की मौत हो गई। नाव खचाखच भरी हुई थी और उसमें सवार लोग किसी के अंतिम संस्कार में जा रहे थे। यह दुर्घटना शुक्रवार को सीएआर की राजधानी बांगुई के पास मपोको नदी में हुई।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 20 मीटर लंबी और तीन मीटर चौड़ी नाव में 300 से ज्यादा लोग सवार थे, जो ग्राम प्रधान के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। नाव खचाखच भरी हुई थी। क्षमता से अधिक लोगों के नाव पर सवार होने से नाव अनियंत्रित होकर नदी में पलट गई जिसमें कम से कम 58 लोगों की मौत हो गई है। शनिवार को स्थानीय रेडियो स्टेशन गुइरा द्वारा जारी जानकारी से पता चला है कि अबतक 58 शवों को नदी से निकाला जा चुका है और अभी तक पानी में डूबे लोगों की संख्या का पता नहीं चल सका है। डूबे लोगों की तलाश की जा रही है।

### महिला ने जन्मदिन पार्टी मना रहे लोगों को कार से रौंदा, 2 की मौत

वाशिंगटन,(एजेंसी)। अमेरिका के मिशिगन राज्य में कथित तौर पर नशे की हालत में कार चला रही एक महिला ने जन्मदिन पार्टी मना रहे लोगों को रौंद दिया, जिससे भाई-बहन की मौत हो गई जबकि 15 अन्य लोग घायल हो गए।

जानकारी अनुसार इस घटना में हुए घायलों में से कई की हालत गंभीर बनी हुई है। मिशिगन के मोनरोए काउंटी शेरिफ ट्रॉय गुडनॉघ ने हादसे की जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि हादसे में एक 08 वर्षीय बच्ची और उसके 05 वर्षीय भाई की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया है कि करीब 66 वर्षीय एक महिला ने डेट्रॉयट से करीब 30 किमी दूर दक्षिण में स्थित बर्लिन टाउनशिप में दोपहर करीब 03 बजे एक इमारत में हो रही जन्मदिन पार्टी में कार घुसा दी। पुलिस ने उक्त कार चालक महिला की पहचान उजागर नहीं की, लेकिन उसे नशे की हालत में कार चलाकर लोगों की जान लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

### चिपचिपी खदान विस्फोट एक की मौत, तीन जख्मी

काबुल,(एजेंसी)। पश्चिमी काबुल शहर में एक खदान में हुए विस्फोट से एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं तीन अन्य घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय मीडिया ने जादरान के हवाले से कहा कि पुलिस डिस्ट्रिक्ट-3 के कोट-ए-संगी इलाके में एक चिपचिपी खदान में विस्फोट हुआ जिसकी चपेट में एक कार आ गई जिसमें सवार लोगों में कार चालक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। सभी घायल आम नागरिक हैं। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। घटना शनिवार की बताई जा रही है। अबतक किसी भी समूह या व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### ताइवान में समुद्री क्षेत्र में आया भूकंप, जानमाल का नुकसान नहीं

ताइपे,(एजेंसी)। ताइवान के हुलिएन काउंटी शहर में आज भूकंप के झटके लगे। भूकंप के कारण किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

जानकारी के अनुसार ताइवान के हुलिसन काउंटी में सुबह 10~40 बजे समुद्री क्षेत्र में 5.0 तीव्रता वाले भूकंप के इटके महसूस किए गए। भूकंप की जानकारी चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र ने दी। जानकारी में बताया गया है कि भूकंप का केंद्र 23.49 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 121.60 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था और इसकी गहराई 20 किमी थी। भूकंप में अब तक किसी के हताहत होने या अन्य नुकसान की खबर नहीं है। ताइवान में लोगों को अलर्ट कर दिया गया है।

### काबुल में विस्फोट, एक की मौत, तीन लोग घायल

काबुल,(एजेंसी)। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में शनिवार को एक 'स्टिकी बम' फटा, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 03 लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि बम एक कार में लगाया गया था, जिस कारण कार चालक की मौत हुई है। यह घटना काबुल के शिया बहुल इलाके में होना बताया गया है। पुलिस सूत्र बता रहे कि बम एक कार में लगाया गया था, जिसमें विस्फोट होने से कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की संक्षिप्त जानकारी देने वाले काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद ज़दरान ने यह नहीं बताया कि घायाल तीन लोग क्या कार में सवार थे, या आस-पास ही खड़े थे। खालिद जदरान ने यह जरुर कहा कि पुलिस मौके पर पहुंच गई है, और मआयना कर रही है, लेकिन घटना की विस्तृत जानकारी उन्होंने मीडिया को नहीं दी। यहां बतला दें कि यह विस्फोट वाणिज्यिक और रिहायशी इलाके कोत-ए-संगी में शनिवार की शाम को हुआ था। विस्फोट की जानकारी किसी आंतकी संगठन या समूह ने नहीं ली है।

### अमेरिका में टिक-टॉक पर प्रतिबंध वाले विधेयक को मंजूरी

वाशिंगटन,(एजेंसी)। अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निचले सदन 'हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव' ने टिक-टॉक पर प्रतिबंध लगाने वाले एक विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस विधेयक में प्रावधान है कि यदि चीनी नागरिक के स्वामित्व वाले लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिक-टॉक अपने अमेरिकी कारोबार को नहीं बेचता तो उस पर देश में प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

# संसदीय चुनाव के लिए मतदान आजः भ्रष्टाचार पर मुइज्जू के खिलाफ देश में उबाल



माले(एजेंसी)।मालदीव में संसदीय चुनाव से ठीक पहले, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में ऐक्शन शुरू हो गया है। 2018 से किए गए कथित भ्रष्टाचार की रिपोर्ट लीक होने के बाद विपक्षी दलों ने मामले की जांच और उन पर महाभियोग की मांग शुरू कर दी है। हालांकि राष्ट्रपति मुइज्जू खुद पर लगे आरोपों को खारिज कर रहे हैं। मालदीव में आज 21 अप्रैल को संसदीय चुनाव के लिए मतदान है। राष्ट्रपति बनने के लिए मोहम्मद मुइज्जू के लिए पहली अग्निपरीक्षा है। हालांकि उनके आलोचक और चुनावी पंडित उनकी पार्टी की हार की भविष्यवाणी कर रहे हैं। मुइज्जू के खिलाफ भ्रष्टाचार समेत भारत के खिलाफ अभियानों को लेकर देश में गुस्सा है। मालदीव में जनता ही नहीं भारत में भी लोग उम्मीद कर रहे हैं संसदीय चुनाव में मुख्य विपक्षी और भारत समर्थक पार्टी - मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) आसानी से बहुमत हासिल करेगी।

एमडीपी नेता और पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने कहा कि उनकी पार्टी जीत को लेकर आशावादी है क्योंकि मुइज्जू सरकार पिछले पांच महीनों में घरेलू और विदेशी दोनों नीतियों में विफल रही है और मालदीव के लोग भी लोकतांत्रिक मूल्यों में गिरावट देख रहे हैं। शाहिद ने कहा कि मुइज्जू झूठ और नफरत फैलाकर चुनाव जीते और सभी विकास परियोजनाएं रोक दी गईं। राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों में कर्मचारियों को धमकाना जैसे काम किए जा रहे हैंहै। विपक्ष के हजारों लोगों को निलंबन और नौकरी से बर्खास्त करने की धमकी दी गई है।स्थानीय मीडिया के अनुसार 2018 के भ्रष्टाचार मामले में मुइज्जू के खिलाफ जांच शुरू हो गई है।

इन रिपोर्ट में राष्ट्रपति मुइज्जू के निजी बैंक खाते में धन अंतरण में अनियमितताओं का दावा किया गया है। रिपोर्ट में वित्तीय कदाचार के 10 महत्वपूर्ण संकेतकों को रेखांकित किया गया है। इन संकेतकों से राजनीति से जुड़े व्यक्तियों के साथ संलिप्तता, गबन, रकम के लेनदेन को छिपाने के लिए कॉर्पोरेट संस्थाओं के उपयोग आदि का पता लगता है। इन आरोपों से देश में राजनीतिक तूफान पैदा हो गया है और विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर रिएक्शन आ रहे हैं। मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी और पीपुल्स नेशनल फ्रंट ने पूरे मामले की जांच की मांग की है। पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद जमील अहमद ने लीक हुई खुफिया रिपोर्ट के बाद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने की मांग की।

मतदान से पहले, देशभर में चुनावी पंडित मुइज्जू की हार की भविष्यवाणी कर रहे हैं।


## अमेरिका ने चीन की तीन और बेलारूस की एक कंपनी पर लगाया प्रतिबंध

इस्लामाबाद (एजेंसी)। चीन की तीन और बेलारूस की एक कंपनी को पाकिस्तान की गुपचुप मदद करना भारी पड़ा है। अमेरिका ने पाकिस्तान को लंबी दूरी की मिसाइल सहित बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम के लिए उपकरणों की सप्लाई करने के आरोप में इन पर प्रतिबंध लगा दिया है।

चीन, पाकिस्तान का सदाबहार दोस्त है, वह पाकिस्तान के महत्वाकांक्षी सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम के लिए हथियारों और रक्षा उपकरणों का मुख्य सप्लायर रहा है। अमेरिका ने चीन की जिन तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है, उनमें शियान लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलेपमेंट, तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड और ग्रानपेक्ट कंपनी लिमिटेड शामिल है, जबकि बेलारूस के मिंस्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट पर प्रतिबंध लगाया गया है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि ये कंपनियां ऐसी गतिविधियों या लेन-देन में लिप्त पाई गई हैं, जिन्होंने सामूहिक विनाश के हथियारों या उनके वितरण के साधनों के प्रसार में भौतिक रूप से योगदान दिया है या जोखिम पैदा किया है, जिसमें पाकिस्तान द्वारा निर्माण, अधिग्रहण, स्वामित्व, विकास, परिवहन में सहयोग शामिल हैं। अमेरिका के कदम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि हम निर्यात नियंत्रण के राजनीतिक उपयोग को अस्वीकार करते हैं।

## लंदन मेयर पद की दौड़ में दिल्ली के तरुण, पाकिस्तानी सादिक को देंगे चुनौती

### अलोकप्रिय नीतियों को खत्म करना तरुण का प्रमुख उद्देश्य



लंदन,(एजेंसी)। इंग्लैंड के लंदन में मेयर का चुनाव होने वाले हैं। लंदन में मेयर पद पर पाकिस्तान मूल के सादिक खान तीसरी बार जीत चुके हैं। लेकिन इस उन्हें भारतीय मूल के तरुण गुलाटी चुनोती दे रहे हैं। गुलाटी इस चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे।

दो मई को होने वाले मेयर चुनाव में 63 वर्षीय भारतीय मूल के तरुण गुलाटी पाकिस्तान मूल के सादिक खान को चुनौती देने उतर रहे हैं। मेयर पद के लिए उनकी लड़ाई 13 अन्य उम्मीदवारों से होने वाली है। गुलाटी ने कहा कि वह लंदन को एक अनोखे वैश्विक शहर के तौर पर देखता हैं। यह विश्व के वैश्विक बैंक की तरह है, जहां दुनियाभर के लोग आते हैं। दिल्ली में जन्मे तरुण का कहना है कि लंदन के नागरिकों को सभी राजनीतिक पार्टियों ने दुखी किया है। वह लंदन को अनुभवी सीईओ की तरह चलाना चाहते हैं, जिससे सभी को लाभ मिल सके।

उन्होंने आगे कहा कि मेयर के तौर पर मैं लंदन की बैलेंस शीट इस तरह से तैयार करूंगा कि यह निवेश के लिए विकल्प बन सके और सभी नागरिकों की सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित हो। लंदन को प्रभावी ढंग से बदलूंगा। इस यात्रा में आप सभी शामिल होंगे। लंदन की सड़कों में सुरक्षा उनके मुख्य एजेंडा में प्रमुख है। लंदन में लेबर पार्टी के मौजूदा नेता सदिक खान की कुछ अलोकप्रिय नीतियों को खत्म करना भी तरुण का प्रमुख उद्देश्य है। तरुण गुलाटी ने कहा, हम यूएलईजेड, एलटीएन जैसी खराब नीतियां नहीं चाहते हैं। जलवायु परिवर्तन हो रहा है और हमें इसके प्रभावों को कम करने की जरूरत है। हमें जो भी परिवर्तन करना होगा, वह जनता की राय लेकर ही करेंगे। तरुण ने मेयर पद के लिए कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार सुजैन हॉल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक लंदन असेंबली के सदस्य होने के बावजूद वह इन नीतियों को रोकने में नाकाम रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर राजनीतिक उम्मीदवार वह करते जो उन्हें करना चाहिए था, तो मैं मेयर पद की दौड़ में कभी शामिल नहीं होता। तरुण किफायती आवासीय व्यवस्था, पर्यटन को बढ़ावा देना, मुफ्त स्कूल भोजन सुनिश्चित करना और काउंसिल टैक्स को कम करने जैसे मुद्दों पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

## ब्रिटिश एनआरई भारत में हुई कमाई पर टैक्स देंगे

### सुनक ने भारतीयों पर 15 साल की टैक्स छूट घटाई; 50 हजार एनआरआई दुबई शिफ्ट होंगे



लंदन (एजेंसी)। ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने एक और कड़ा कानून पेश किया है। ब्रिटेन में रहने वाले एनआरआई (अनिवासी भारतीयों) को भारत में बैंक एफडी, स्टॉक मार्केट और रेंट से मिलने वाली आय पर मिलने वाली टैक्स छूट को 15 साल से घटाकर 4 साल कर दिया है। ब्रिटेन में रहने के पांचवें साल से एनआरआई को भारत में होने वाली आय पर 50 प्रतिशत टैक्स देना पड़ेगा।

अब तक एनआरआई को 15 साल तक केवल ब्रिटेन में प्राप्त होने वाली आय पर टैक्स देना पड़ता था। नया कानून अगले साल अप्रैल से प्रभावी हो जाएगा। लंदन के टैक्स कंसल्टेंट सौरभ जेटली ने बताया कि नए नियम के बाद ब्रिटेन में रहने वाले पांच लाख एनआरआई में से लगभग 50 हजार ने दुबई शिफ्ट होने का प्लान बनाया है। दुबई में पर्सनल टैक्स रेट जीरो है और कॉर्पोरेट टैक्स मात्र 9 प्रतिशत है। लंदन में एस्टेट टैक्स भी 40 प्रतिशत है जबकि दुबई में एनआरआई पर शून्य एस्टेट टैक्स है। जेटली के मुताबिक सुनक के नए कानून के बाद एनआरआई का ब्रिटेन में व्यापार करने को लेकर मोहभंग हो रहा है।

83 हजार भारतीयों ने ब्रिटेन की नागरिकता ली

पिछले पांच साल में 83 हजार 468 भारतीयों ने भारत की नागरिकता को छोड़कर ब्रिटेन की सिटिजनशिप ली है। यूरोप के किसी भी देश में ये सर्वाधिक है। इससे पहले 2022 तक गोल्डन वीसा स्कीम के तहत 254 भारतीय धनकुबेरों ने ब्रिटेन की नागरिकता ली थी।


## जापान नेवी के दो हेलिकॉप्टर हुए दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, 07 लापता

टोकियो,(एजेंसी)। टोकियो के दक्षिण में प्रशांत महासागर में जापानी नौसेना के दो हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 07 अन्य लोग लापता बताए गए हैं। इस घटना की जानकारी रक्षा मंत्रालय ने रविवार 21 अप्रैल को दी है।

आशंका जाहिर करने वालों का कहना है कि शनिवार रात प्रशिक्षण के दौरान दोनों हेलीकॉप्टर एक दूसरे से टकरा गए होंगे। इन हेलीकॉप्टर में चालक दल के 08 सदस्य मौजूद थे। रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने घटना की जानकारी देते हुए प्रेस को बताया कि समुद्री आत्मरक्षा बल (एमएसडीएफ) के दो एसएच-60 के हेलीकॉप्टर में चालक दल के चार-चार सदस्य मौजूद थे और शनिवार देर रात टोकियो से लगभग 600 किलोमीटर दक्षिण में तोरीशिमा द्वीप के पास उनसे संपर्क टूट गया। उन्होंने आगे बताया कि इस हादसे का कारण अभी साफ नहीं हो पाया है, लेकिन दोनों हेलीकॉप्टर संभवतः आपस में टकराने के बाद पानी में गिरे होंगे। उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों ने एक उड़ान डेटा रिकॉर्डर के साथ ही दोनों ही हेलीकॉप्टर से एक ब्लेड और एक ही क्षेत्र में दोनों हेलीकॉप्टर के टुकड़े बरामद किए हैं, जो संकेत देते हैं कि दोनों एसएच-60 के एक-दूसरे के करीब उड़ रहे थे।

## रूस के 8 इलाकों में यूक्रेन का ड्रोन अटैक

### 3 पावर स्टेशन और फ्यूल डिपो तबाह किए



मॉस्को/कीव (ण्जेंसी)। यूक्रेन की स्पेशल फोर्सेज ने शनिवार रात लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन्स से रूस के 8 इलाकों पर हमला किया। हमले में रूस के 3 पावर सब-स्टेशन्स और एक फ्यूल डिपो में आग लग गई। बेलगोरोद शहर के गवर्नर ने बताया कि हमले में 2 आम नागरिकों की मौत भी हुई है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने भी इस अटैक की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि रूस के डिफेंस सिस्टम ने यूक्रेन के करीब 50 ड्रोन्स को मार गिराया है।

रूस भी यूक्रेन में इस तरह के हमले कर एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाता है। यूक्रेन में ठंग की वजह से तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। यहां न्यूनतम तापनाम माइनस में दर्ज किया जा रहा है। रूसी सेना इसी का फायदा उठाकर यूक्रेन पर हमला कर रही है, जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूक्रेन की सिक्योरिटी एजेंसियों का जॉइंट ऑपरेशन

रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि शनिवार रात करीब 2 बजे यूक्रेन ने अपने कई ड्रोन्स रूस के 8 इलाकों में भेजे। हमले का टारगेट रूस का एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर था जो मिलिट्री से जुड़ी इंडस्ट्रीज को ऊर्जा देता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हमला यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस, डिफेंस इंटेलिजेंस और स्पेशल फोर्सेस का एक जॉइंट ऑपरेशन था।

## पाकिस्तान में 21 सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान



इस्लामाबाद,(एजेंसी)। पाकिस्तान में कड़ी सुरक्षा के बीच नेशनल असेंबली और प्रांतीय असेंबली की कुल 21 सीटों पर उपचुनाव के लिए रविवार को मतदान किया गया। मतदान के दौरान पंजाब और बलूचिस्तान प्रांत के कुछ जिलों में मोबाइल और इंटरनेट सेवा वाधित रही है।

इसके जानकारी दे रहे पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने बताया कि सुबह आठ बजे से शुरू हुआ मतदान शाम पांच बजे तक जारी रहा। मतदान की आधिकारिक समय अवधि खत्म होने के बाद जो मतदाता केंद्र में मौजूद रहे उन्हें वोट डालने की अनुमति दी जाएगी। यहां बतला दें कि पाकिस्तान में नेशनल असेंबली और चार प्रांतीय असेंबली के लिए 08 फरवरी को चुनाव संपन्न हुआ था। विभिन्न कारणों से नेशनल असेंबली की एक सीट और पंजाब असेंबली की दो और खैबर-पख्तूनख्वा असेंबली की एक सीट के लिए मतदान रद्द कर दिया गया था। इसके अलावा, जिन प्रत्याशियों ने एक से अधिक सीट जीत लीं थीं उनके एक सीट छोड़ने के कारण पाकिस्तान निर्वाचन आयोग को 21 सीट पर उपचुनाव कराना पड़ रहा है। इनमें नेशनल असेंबली की 05 और प्रांतीय असेंबली की 16 सीटें शामिल हैं। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने सरकार से अनुरोध किया था कि उपचुनाव के दौरान पंजाब और बलूचिस्तान प्रांत के कुच्छ जिलों में मोबाइल फोन सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी जाएं, जिसके चलते सरकार ने चुनिंदा जिलों में इसे लागू कर दिया था। उपचुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने सेना के जवान और संबंधित अधिकारियों द्वारा कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

# इजराइली सेना के कट्टरपंथी दस्ते को बैन करेगा अमेरिका

## इस पर फिलिस्तीनियों पर अत्याचार के आरोप



तेल अवीव/वॉशिंगटन(एजेंसी)। इजराइल-हमास जंग के बीच अमेरिका इजराइल की डिफेंस फोर्स (आईडीएफ)की एक बटालियन पर बैन लगाने की तैयारी में है। नेत्जाह येहुदा नाम की इस टुकड़ी पर वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के खिलाफ मानवाधिकार के उल्लंघन के आरोप हैं। राष्ट्रपति जो बाइडेन जल्द ही बटालियन को ब्लैक लिस्ट भी कर सकते हैं। दरअसल, नेत्जाह येहुदा इजराइल के कट्टरपंथ सैनिकों का एक दस्ता है, जो वेस्ट बैंक में तैनात रहता है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका के इस फैसले पर हैरानी जताई है। उन्होंने कहा कि आईडीएफ पर बैन नहीं लगना चाहिए क्योंकि वे आतंकियों से लड़ रहे हैं। सेना की एक यूनिट पर प्रतिबंध लगाना बहुत ही बेतुका है। हमारी सरकार इस फैसले के खिलाफ कार्रवाई

### जंग से पहले वेस्ट बैंक में हुए अत्याचारों की वजह से लिया फैसला

एक्सियोस ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि सेना की टुकड़ी पर बैन का यह फैसला 7 अक्टूबर की जंग से पहले के मामलों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, नेत्जाह येहुदा पर वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों पर अत्याचार करने का आरोप है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि यह बैन सेना की दूसरी टुकडियों या पुलिस पर नहीं लगेगा क्योंकि उन्होंने जांच में पूरा सहयोग दिया है। आईडीएफ की बटालियन नेत्जाह येहुदा का गठन साल 1विनोद उपाध्याय / 21 अप्रैल, 2024 में हुआ था। इसे इसलिए बनाया गया था ताकि रूढ़िवादी सैनिक बिना भेदभाव के काम कर सकें। नेत्जाह येहुदा के सैनिक किसी भी महिला से बात नहीं करते हैं। इन्हें पूजा-पाठ और धर्म से जुड़ी पढ़ाई के लिए ज्यादा समय दिया जाता है।

### अमेरिका के सामने नहीं झुकेंगे

नेतन्याहू के अलावा इजराइल के नेशनल सिक्योरिटी मिनिस्टर बेन ग्विर ने भी अमेरिका के फैसले की आलोचना की है। ग्विर ने कहा कि हमारे सैनिकों पर बैन लगाना हद पार करने जैसा है। यह बेहद गंभीर मामला है। हम अपनी सेना और नेत्जाह येहुदा बटालियन की रक्षा करते रहेंगे। बेन ग्विर ने इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट को भी अमेरिकी आदेशों के सामने झुकने से मना किया है।

# एक नजर

## घर की खिड़की तोड़ कर 15 हजार की नकदी व 2 तोले सोना किया चोरी, मामला दर्ज

**अटल हिंद संवाददाता/नरवाना, 21 अप्रैल।** गढ़ी थाना पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर उसके घर में घुसकर खिड़की तोड़ कर घर से नकदी व सोना चोरी करने के आरोप में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पिपलथा गांव निवासी सिमरनपाल सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि गत देर रात्रि अज्ञात व्यक्ति उसके घर की खिड़की तोड़ कर अंदर घुस गए और 15 हजार रुपए की नकदी व 2 तोले सोना चोरी कर ले गए। गढ़ी थाना पुलिस ने सिमरनपाल सिंह की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू की है।

## मकान का ताला तोड़ कर अज्ञात महिलाओं ने चुराया हजारों का सामान, मामला दर्ज

**अटल हिंद संवाददाता/नरवाना, 21 अप्रैल।** सिटी थाना पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर उसके मकान का ताला तोड़ कर हजारों रुपए का सामान चोरी करने के आरोप में अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बीरबल नगर नरवाना निवासी नरेश कुमार ने सिटी थाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि उसका एक पुराना मकान शनिमंदिर के पास बीरबल नगर में बंद पड़ा है जिसमें वह अपनी दुकान का सामान रखता है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि गत 11 अप्रैल को 10-12 महिलाओं ने उसके मकान का ताला तोड़ कर 6 कट्टे चायपत्ती, 2 पेटी देशी घी व 2 कट्टे चावल के चोरी कर लिए। घटना का पता उस समय चला जब वह 19 अप्रैल को अपने मकान पर गया तो उसे मकान का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर से उक्त सामान चोरी हुआ मिला। यह पूरी घटना सी.सी.टी.वी. कैमरे में कैद हुई है। सिटी पुलिस ने नरेश कुमार की शिकायत पर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ चोरी करने के आरोप में मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू की है।

## प्रॉपर्टी आई डी की समस्याओं को लेकर किया कैंप का आयोजन



**अटल हिंद संवाददाता/भिवानी।** प्रॉपर्टी आईडी की समस्याओं से जूझ रहे वार्ड नंबर 8 के नागरिकों के लिए बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष हर्ष डुडेजा व पार्षद सुमिता डुडेजा ने नगर परिषद के कर्मचारियों को बुला कैम्प का आयोजान किया। कैम्प में कॉलोनीवासियो ने प्रॉपर्टी से संबंधित समस्याओं को ठीक करवाया। इस मौके पर कॉलोनी के लगभग 150 लोगो ने अपनी प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित समस्याएं रखी, जिसमें अधिकतर का मौके पर ही निवारण किया गया। इस अवसर पर हर्ष डुडेजा ने कहा कि सरकार चाहती है कि लोगो को प्रॉपर्टी से संबंधित कोई समस्या ना आए। इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस स्कीम को शुरू किया था। उन्होंने बताया कि इस काम में कुछ ख़ामिया रह गई थी जिसे धीरे धीरे ठीक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार स्वय लोगो के बीच जा कर कैम्प लगवा रही है ताकि लोगो को सरकारी कार्यालय में चक्कर ना काटने पड़े। वही वार्ड की पार्षद सुमिता डुडेजा ने कहा कि आज उन्होंने वार्ड में ये कैम्प विशेष तोर पर वार्ड के लोगो की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से लगवाया है। उन्होंने बताया कि फिर भी किसी की समस्या रह जाएगी तो भी वे अपने स्तर पर समस्या का समाधान करवायेंगे।

## पात्र व्यक्ति 26 अप्रैल तक बनवा सकते हैं अपना वोटः डीसी

**अटल हिंद संवाददाता/ भिवानी।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मताधिकार का प्रयोग जरूरी है। अपने मत से ही नागरिक अपने मनपसंद नेता को चुनते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में हर नागरिक को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है। ऐसे में यदि अभी तक किसी पात्र नागरिक का वोट नहीं बना है तो वे तुरंत अपना वोटर कार्ड बनवा लें ताकि चुनावों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नागरिक 26 अप्रैल, तक अपना वोट बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्ति संबंधित बी.एल.ओ, निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी के पास फॉर्म-6 भरकर वोट बनवा सकते हैं। यह फॉर्म मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है, जो डाउनलोड किए जा सकते हैं। वोट बनवाने के लिए दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, अपने निवास और आयु प्रमाण पत्र के साथ ऑफलाइन या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वोट बनवाने से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर-1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

## मंडियों में सरसों और गेहूं की खरीद के बाद उठान कार्य में तेजी लाई जाए: एडीसी

**अटल हिंद संवाददाता/भिवानी।** एडीसी एडीसी हर्षित कुमार ने सरसों और गेहूं उठान कार्य के अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देश दिए हैं कि वे जिले की सभी मंडियों से फसल के उठान कार्य में तेजी लाएं। उठान कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगी। उन्होंने कहा कि उठान कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीं है। एडीसी हर्षित कुमार सरसों और गेहूं के खरीद संबंधित विभागों और ठेकेदारों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले की सभी मंडियों में गेहूं और सरसों की बंपर आवक हो रही है। मेरी फसल मेरा ब्योरा पर पंजीकरण के आधार पर किसान सरसों और गेहूं लेकर आ रहे हैं। ऐसे में खरीद के साथ-साथ उठान कार्य भी तेजी से होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि वाहनों की अगर बात की जाए तो भिवानी मंडी में हेफेड के पास 112, बवानी खेड़ा में 78, बहल में 101, चांग में 12, धनाना में सात, ढिगावा में 58, जुई में 48, खरक में पांच, लोहारू में 44, सिवानी में 97 और तोशाम में 62 वाहन हैं। इस प्रकार से कल 624 व्हीकल हैं। वेयरहाउस कॉरपोरेशन के पास भिवानी में 23, तोशाम में 45, बहल में 36, सिवानी में 73 वाहन हैं और कुल 177 हैं। फूड एंड सप्लाई विभाग के पास 89 वाहन हैं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि उठान कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही सहन की जाएगी। मंडियों में उठान कार्य धीमा होने की वजह से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीच-बीच में खरीद कार्य रोकना पड़ रहा है , इससे किसानों को दिक्कत आती है। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की ठेकेदारों के साथ संपर्क स्थापित कर उठान कार्य करवाएं।

# कलायत में सरकार के संरक्षण से लगातार बढ़ रहा नशा : डॉ. सुशील गुप्ता

**शराब का अवैध धंधा करने वालों के साथ नवीन जिंदल की मित्रता : डॉ. सुशील गुप्ता**

**युवाओं की जिंदगी बर्बाद करने वाली पार्टी के साथ खड़े नवीन जिंदल : डॉ. सुशील गुप्ता**

**भाजपा सरकार ने युवाओं को नशे की दलदल में धकेला : डॉ. सुशील गुप्ता**

अटल हिंद/तरसेम सिंह




कलायत। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर नशे के मुद्दे पर हरियाणा सरकार को घेरा। उनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश जेपी के बेटे विकास सहारण, धर्मपाल गुप्ता, व्यापारी नेता महावीर कंप्यूटर और जोरावर सकाड़ी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कलायत में लगातार नशा बढ़ रहा है। नशे से हो रही मौत थम नहीं रही हैं। क्या सत्ता में बैठे लोग इसकी जिम्मेदारी लेंगे? ऊपर से नीचे तक नशे की चैन बन गई है, संयोजित तरीके से नशा सप्लाई किया जा रहा है। कलायत की गली गली में हेरोइन, स्मैक, चरस, सुल्फ़ा, गंजा , अफ़ीम, कोकेन और मॉर्फ़िन खुले आम बिक रहा है। जिसकी जिम्मेदार भाजपा सरकार है। लगातार ये सवाल उठ रहे हैं कि अवैध शराब की फैक्ट्रियों में किस किस नेता की भागीदारी है। जहरीली शराब पीने से 50 से ज्यादा मौत हो चुकी हैं, लेकिन आज तक दोषियों को नहीं पकड़ा गया। बिना सरकार के संरक्षण के हरियाणा में नशा इतने बड़े पैमाने पर नहीं पहुंच सकता।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने चंद पैसों के लालच में प्रदेश के युवाओं को नशे की दलदल में झोंक दिया है। पिछले 10 साल से प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार है तो नशे की इतनी गंभीर हालत के लिए जिम्मेदार कौन है? नवीन जिंदल ऐसी पार्टी का झंडा उठाकर घूम रहे हैं जिसने प्रदेश में नशे के कारोबार को बढ़ाया है और युवाओं को नशे की दलदल में फंसाया है। यदि कोई नकली शराब बनाने पर पकड़ा जाए तो इनके नेताओं के फोन आने पर छूट जाते हैं। क्या नवीन जिंदल नशे के कारोबार को बढ़ाने वाली भाजपा सरकार से स्पष्टीकरण लेंगे? नवीन जिंदल आज नशा तस्करों के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जिस पार्टी ने युवाओं की जिंदगी बर्बाद कर दी नवीन जिंदल उनके साथ खड़े हैं, जनता इनको सबक सिखाएगी।

उन्होंने कहा नवीन जिंदल ने ट्वीट किया जिसमें उन्होंने कहा धर्मनगरी में सुनील नींबू वाला। जिसमें वो उनके पुराने मित्र सुनील नींबू वाले की मोटरसाइकिल पर बैठे दिखाई दिए। लेकिन उसको सारा शहर जानता है कि वो सुनील खुर्दे वाला है और अवैध शराब का धंधा करता है। नवीन जिंदल उस शराब तस्कर की बाइक पर बैठकर युवाओं को क्या संदेश देना चाहते हैं? क्या नवीन जिंदल ये बताना चाहते हैं कि अपराधी प्रवृति के लोग अनेक चेले चपटे हैं? नवीन जिंदल बताए कि क्या उनकी दोस्ती के बाद उनके मित्रों से नशे का कारोबार शुरू किया।

उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल पिछले 10 साल जमीन पर होते तो उन्हें पल्लेदारी नहीं करनी पड़ती। वो बोरियां उठा रहे हैं तो किसानों के उठान के लिए भी एक ट्वीट कर दें जिनको भाजपा ने ठेका दे रखा है। मैंने नवीन नवीन जिंदल से पूछा था कि जिस भाजपा ने उनपर 1 लाख 86 हजार करोड़ रुपए का कोयला चोरी का आरोप लगाया था वो सही था या झूठ? यदि सही था तो क्या नवीन जिंदल ने पैसे जमा करा दिए और झूठा था तो कहते क्यों नहीं झूठा था।

## वीएलसीसी, एक अग्रणी सौंदर्य और स्वास्थ्य श्रृंखला, ने गुरुग्राम में सेक्टर 49 में अपनी 5वीं स्कूल ऑफ ब्यूटी की शुरुआत

अटल हिंद/संवाददाता



गुरुग्राम; 21 अप्रैल। भारत सरकार के %स्किल इंडिया% मिशन के प्रति अपने निरंतर प्रतिबद्धता के भाग के रूप में, ङ्करुष्टष्ट, एक अग्रणी सौंदर्य और स्वास्थ्य श्रृंखला, आज गुरुग्राम में सेक्टर 49 में हरियाणा में अपनी 5वीं स्कूल ऑफ ब्यूटी की शुरुआत की। ब्यूटी स्कूल का उद्घाटन महासचिव श्रीमती भूमिका बहल, प्रसिद्ध मेकअप कलाकार और शिक्षाविद, के अतिथि ने किया । गुरुग्राम सेक्टर 49 में VLCC स्कूल ऑफ ब्यूटी प्रवेश स्तर और कौशल वृद्धि पाठ्यक्रम दोनों प्रदान करेगा। एक उत्कृष्ट आधारशिला और अत्यधिक अनुभवी शिक्षकों के समर्थन में, ब्यूटी स्कूल में उम्मीदवारों को बाल, मेकअप, त्वचा, सौंदर्य, स्पा, नाखून और पोषण श्रेणियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें प्लेसमेंट सहायता भी प्रदान की जाएगी। शुभारंभ पर बोलते हुए, ङ्करुष्टष्ट हेल्थकेयर लिमिटेड के मुख्य व्यापार अधिकारी - दक्षिण एशिया के वेलनेस और कौशल विकास व्यापार, श्री आनंद वास्कर, ने कहा, ÷हम ङ्करुष्टष्ट में भारत सरकार के %स्किल इंडिया% मिशन में सक्रिय रूप से भाग लेने पर गर्व करते हैं। अब तक हमने इस मिशन के तहत 1 लाख से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया है और देश भर में छात्रों को और अधिक गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करना जारी रखेंगे।

## भारतीय जनता पार्टी ने युवा नेता धीरज यादव का बढ़ाया कद

**भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मिली वायु यातायात व्यवस्था रेवाड़ी विधानसभा प्रमुख की जिम्मेवारी**

अटल हिंद /मनोज गोयल



रेवाड़ी, 21 अप्रैल। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनाए गए भाजपा के वरिष्ठ युवा नेता धीरज यादव का पार्टी एक ही सप्ताह के भीतर कद बढ़ाने का कार्य किया है। भाजपा की ओर से धीरज यादव को आगामी लोकसभा चुनावों में पार्टी के शीर्ष नेताओं की रैलियों के मद्देनजर वायु यातायात संबंधित रेवाड़ी विधानसभा के व्यवस्था प्रमुख की जिम्मेवारी सौंपी गई है। अपनी नियुक्ति पर धीरज यादव ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, हरियाणा प्रदेश वायु यातायात प्रमुख कैप्टन भूपेंद्र व गुरुग्राम लोकसभा प्रमुख साहिल पंडित सहित पार्टी के प्रदेश व केंद्र के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला संयोजक व वायु यातायात व्यवस्था के रेवाड़ी विस प्रमुख धीरज यादव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी में एक छोटे से छोटे कार्यकर्ता को उचित मान-सम्मान मिल रहा है। उसी की बदौलत ही भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी का गौरव हासिल करने में कामयाब रही है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की लोकप्रियता से घबराई कांग्रेस अभी तक अपना उम्मीदवार भी तय नहीं कर पाई है। यहां तक कि कांग्रेस के दिग्गज नेता भी लोकसभा चुनाव लडने् से पीछे हट चुके हैं। उन्होंने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह के समर्थन में पार्टी के शीर्ष नेताओं की रेवाड़ी विधानसभा में होने वाली रैलियों को लेकर हवाई पट्टी एवं अन्य वायु यातायात संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर युवाओं व वरिष्ठ नेताओं की टीम तुरंत तैयार की जाएगी तथा सभी को यथासंभव जिम्मेवारियां सौंपी जाएगी।

## जर्नलिस्ट क्लब के नए पदाधिकारियों की घोषणा, मई में होगा क्लब का वार्षिक कार्यक्रम

अटल हिंद संवाददाता



भिवानी। पत्रकारों का प्रमुख संगठन जर्नलिस्ट क्लब भिवानी के प्रधान ईश्वर धामु ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। नए पदाधिकारियों में शशी कौशिक को उप प्रधान और प्रदीप चौहान को महासचिव नियुक्त किया गया है। दूसरे पदाधिकारियों में अनिल अरोड़ा, मुकेश वत्स और सुखदेव को सचिव, राहुल वैद और गुलशन देवराला को संयुक्त सचिव तथा अनिल यादव को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रधान धामु ने बताया कि अप्रैल माह की हुई मासिक बैठक में सभी सदस्यों के आई-कार्ड बनवाने तथा सभी का बीमा करवाने का निर्णय लिया गया। उन्होने बताया कि सदस्यों के आई-कार्ड बार कोड युक्त होंगे तथा कार्ड की कापी न हो सके। उन्होने यह भी बताया कि क्लब का वार्षिक एवं अवार्ड समारोह अब मई माह के पहले सप्ताह में भिवानी में आयोजित किया जायेगा। समारोह में दीपावली पर एक दीया शहीदों के नाम के साथ तीन श्रेष्ठ सैल्फी वालों को पुरस्कृत किया जायेगा।

# कोसली अनाज मंडी में मंगलवार से होगी सरसों फसल की सरकारी खरीद

अटल हिंद/मनोज गोयल



कोसली, 21 अप्रैल। सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी मार्केट कमेटी कोसली नरेंद्र कुमार ने बताया कि सरसों की सरकारी खरीद सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मुल्य 5650/- रुपये प्रति क्विन्टल तथा 8 क्विन्टल प्रति एकड़ के हिसाब से सरकारी नियमों के अनुसार एक दिन में अधिकतम 25 क्विन्टल की खरीद की जायेगी। सरसों की खरीद गावों के रोस्टर (23 अप्रैल से 24 अप्रैल) के हिसाब से की जायेगी ताकि किसानों को सगस्या ना हो। सभी किसान अपनी सरसों की पैदावार अच्छी तरह सुखाकर व साफ करके जिस दिन उनके गांव का नम्बर हो उसी दिन सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक किसी भी समय अपनी फसल मण्डी में ला सकता है (जिन किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन ई-खरीद में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर करवाया हुआ है) केवल वही किसान नई अनाज मण्डी कोसली में अपनी सरसों लेकर आयें ताकि किसानों को अपनी सरसों बेचने में किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि मंगलवार 23 अप्रैल को गुडीयानी, गोपालपुर गाजी, गूगोढ, गुरावडा, जैनाबाद, बैरमपुर, सुमाखेडा, मोहदीनपुर, जखाला, बहोतवास भोन्दू, कान्हडवास, सीहा, अहमदपुर पडतल, कतोपुरीं बुर्जग, धयाना, सुर्खपुर तथा बुधवार 24 अप्रैल को गांव बव्वा, बहाला, बाबडोली, बास, औलांत, आशियाकी गौरावास, भंडगी, बिसोहा, भाकली, भूरियावास, बालधन कॅला, बेरली खुर्द, दखोरा, गढी, भूरथला, छव्वा के किसानों की सरसों की खरीद की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अनाज मण्डी कोसली में आवक अधिक होने के कारण सोमवार 22 अप्रैल को अनाज मण्डी कोसली में सरसों की फसल के गेटपास जारी नहीं किए जाएंगे, मण्ड़ी में केवल उठान कार्य किया जाएगा ताकी मण्ड़ी में आने वाले किसानों को अपनी फसल बिकी में किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े।

## डॉ.भीम राव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में मंडलाध्यक्ष गीता शर्मा ने की शिरकत

अटल हिंद संवाददाता



पिहोवा। पूजा कालोनी पिहोवा में अम्बेडकर युवा विकास केंद्र द्वारा डॉ.भीम राव अंबेडकर जयंती अवसर पर बतौर मुख्यातिथि भाजपा महिला मोर्चा की मंडलाध्यक्ष गीता शर्मा व सचिन शर्मा ने शिरकत की। मुख्यातिथि गीता शर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को संविधान निर्माता कहा जाता है। उन्होंने अपने जीवन में अछूतों (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई थी। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। अम्बेडकर विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। अम्बेडकर के सिद्धांत स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा, विज्ञानवाद, मानवतावाद, सत्य, अहिंसा आदि हैं। छुआछूत को नष्ट करना, दलितों में सामाजिक सुधार, भारतीय संविधान में निहीत अधिकारों तथा मौलिक हकों की रक्षा करना, एक नैतिक तथा जातिमुक्त समाज की रचना और भारत देश प्रगती यह प्रमुख उद्देश शामिल थे। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से मौजूद गणमान्य लोगों के मन को मोह लिया। इस मौके पर गुलशन सांगर, विनोद लोहट, जगदीप कुमार, सुभाष शर्मा, जिन्तेंद्र, दयालु अठवाल, कोमलप्रीत ,राधिका,सुमन रानी आदि मौजूद थे।

## रक्तदान शिविर में मेयर निखिल मदान ने किया रक्तदान

अटल हिंद संवाददाता



सोनीपत। सेक्टर 15 में जन सेवा जागृति मंच द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। मेयर निखिल मदान व विधायक सुरेन्द्र पंवार ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाग लेकर रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया और रक्तदाताओं को रक्तदान के प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर मेयर निखिल मदान ने खुद भी रक्तदान किया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि रक्तदान महादान है और लोगों की जिंदगी बचाने का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। एक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित तौर पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। मेयर निखिल मदान ने कहा कि युवा लोगों को विशेषकर रक्तदान में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए और अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। मेयर निखिल मदान ने इस अवसर पर सभी आयोजकों का इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद किया। विधायक सुरेन्द्र पंवार ने कहा कि खून की एक बूंद किसी व्यक्ति की जान बचा सकती है, इसलिए रक्तदान कर दूसरे की जिंदगी बचाएं। आज के समय में मानव जीवन व्यस्त हो गया है, इसलिए सडक़ दुर्घटना में रक्त की कमी होने के कारण मनुष्य की मौत हो जाती है, इसे रोकने के लिए रक्त की जरूरत होती है, इसलिए लोग खुलकर रक्तदान करें और लोगों को जीवनदान दें।

## समाज में सुख शांति एवं समृद्धि के लिए जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए : जैन

अटल हिंद संवाददाता



सोनीपत। देश-दुनिया को अहिसां एवं मानवता का संदेश देने वाले भगवान महावीर की 2623वीं जयंती शहर में धूमधाम से मनाई गई। शहर में रथयात्रा के साथ-साथ सुबह-सुबह अलग-अलग स्थानों पर प्रभात फेरियों व पालकी यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बडी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे। सुबह पांच बजे सैक्टर 14 से शुरू हुई प्रभात फेरी का नेतृत्व करते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, क्षमा जैसे सिद्धांतों को आत्मसात करके जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज में सुख शांति एवं समृद्धि के लिए जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर अहिंसा के सिद्धांत पर चलते हुए समाजवाद की स्थापना में अपना योगदान देना चाहिए, तभी हम देश व समाज को सशक्त बना सकेंगे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं दिव्यांक जैन द्वारा झंडी दिखाकर सैक्टर 15 मंदिर से भगवान महावीर पालकी रथ में सवार होकर धूमधाम से निकले तो श्रद्धालुओं ने जैन धर्म की जय-जयकार जियो और जीने दो को संदेश के नारे लगाए।

## भाजपा ने हिसार से मजबूत व सामाजिक व्यक्ति को बनाया उम्मीदवार : नवीन जिंदल

**रणजीत के समर्थन में बैठक करके नवीन ने की भारी मतों से विजयी बनाने की अपील**

अटल हिंद संवाददाता



हिसार। कुरूक्षेत्र लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल ने कहा है कि पार्टी ने हिसार से अनुभवी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है। रणजीत सिंह से हमारे पारिवारिक संबंध है और चुनाव में जीत के बाद वे क्षेत्र में विकास कार्यों को चार चांद लगा देंगे। नवीन जिंदल रविवार को सुशीला भवन स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय में हिसार से उम्मीदवार रणजीत सिंह के पक्ष में समर्थकों व पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता को विकसित भारत का सपना दिखाया है, हम सबको मिलकर वो पूरा करना है। देश की जनता ने अच्छी तरह से जान लिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सक्षम है। उनके मजबूत इरादों को देखते हुए ही जनता ने उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की ठान ली है। उन्होंने रणजीत सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि बाउजी के जाने के बाद उन्होंने हमें सामाजिक व पारिवारिक रूप से सहारा दिया और हमेशा कहते थे कि कोई काम हो तो बताना। ऐसे में रणजीत सिंह केवल राजनीतिक ही नहीं बल्कि पारिवारिक व सामाजिक रूप से भी बहुत अच्छे इंसान है और हम सबको मिलकर उन्हें भारी मतों से कामयाब बनाना है।

# पूर्व विधायक शेर सिंह बडशामी की अगुवाई में जेजेपी किसान सैल के हलका प्रधान संजीव मोरथला ने थामा इनैलो का दामन

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा

बाबैन, 21 अप्रैल। पूर्व विधायक शेर सिंह बडशामी ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा से इनैलो प्रत्याशी अभय चौटाला को भारी मतों से जीत दर्ज करवाने के लिए इनैलो कार्यकर्त्ता उनके पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए प्रत्येक मतदाता से मिलकर उसे वोट डालने की अपील करें और जन जन को इनैलो पार्टी की कल्याणकारी नीतियों के बारे में विस्तार से अवगत कराऐं। पूर्व विधायक शेर सिंह बडशामी की अगुवाई में आज जेजेपी किसान सैल के हलका प्रधान संजीव मोरथला व जेजेपी नेता कमल शर्मा ने जेजेपी छोडकर इनैलो का दामन थामा। शेर सिंह बडशामी ने कहा कि इनैलो पार्टी में उन्हें पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभय चौटाला ने सदा ही किसानों के लिए लडाई लडने का काम किया है और किसान आंदोलन के दौरान किसानों के हितों के लिए अपने पद से त्यागपत्र देने का काम किया। उन्होंने कहा कि इनैलो पार्टी ने प्रदेश में सबसे पहले वृद्धों की पैंशन योजना लागु की थी जिसका आज अन्य प्रदेश भी अनुशरण कर रहे हैं। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में युवाओं को बिना भेदभाव के रोजगार देने का काम किया जबकि आज युवा रोजगार के लिए धक्के खा रहे हैं। इस मौके पर हल्का प्रधान राजेंद्र कश्यप, जगीर मेहरा, प्रवीन शर्मा, दीपक धारीवाल मौजूद रहे।



# कैंपों में उपलब्ध करवाई जा रही आवश्यक व सशक्त चिकित्सा सुविधाएं :डा. गुणतास गिल

**आदेश अस्पताल की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित, शिविर में की गई 345 रोगियों की जांच**

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा

बाबैन, 21 अप्रैल। रविवार को आदेश अस्साल व मेडिकल कॉलेज की ओर से बाबैन के माड़ी खेड़ा मंदिर में निःशुल्क चिकित्सा शिवर का आयोजन किया गया। जिसमें आदेश अस्साल के अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने जनरल मेडिसन, सर्जरी, आंख-कान रोग, हड्डी रोग, छाती व टीबी के 345 रोगियों की जांच की और दवाईयां भी निःशुल्क वितरित की। कैंप की शुरूआत आदेश अस्पताल के एमडी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डा. गुणतास सिंह गिल और सरपंच संजीव सिंगला द्वारा की गई। सरपंच संजीव सिंगला ने कहा कि यह जिला कुरूक्षेत्र व अंबाला की जनता के लिए हर्ष की बात है कि मल्टी सुपर स्पेशलिस्ट आदेश अस्पताल की ओर से गांव-गांव जाकर निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन करके आवश्यक व सशक्त चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। अस्पताल के एम.डी. डा. गुणतास सिंह गिल ने अधिक से अधिक लोगों को इन कैंपों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि आदेश अस्पताल के चिकित्सक सदैव नवीनतम तकनीक के साथ उपचार उपलब्ध करवाए रहे हैं। डा. गिल ने कहा कि बेहतरीन सुविधाएं व उपचार उपलब्ध करवाने के लिए आदेश अस्साल सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने कहा कि आस-पास के जिलों में मोहड़ी स्थित आदेश एक ऐसा अस्पताल है जहां एक ही छत के नीचे गंभीर बीमारियों का उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है।



## एक नजर

### स्कूटी चोरी मामले में चौकी महमुदपुर पुलिस द्वारा आरोपी काबू

**अटल हिंद संवाददाता/कैथल, 21 अप्रैल।** वाहन चोरों पर एसपी उपासना के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। गांव शादीपुर में मंदिर के बाहर से स्कूटी चोरी करने के मामले की जांच चौकी महमुदपुर पुलिस के एएसआई बलवान सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी रोशन कालोनी समाना पंजाब निवासी जशनदीप को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वैडचा पत्ती समाना जिला पटियाला पंजाब निवासी बन्टी कुमार 17 अप्रैल को वह अपनी स्कूटी पर माता माईसर मन्दिर गांव शादीपुर में आया था। जहां मंदिर के बाहर से अज्ञात व्यक्ति उसकी स्कूटी चुरा ले गया। जिस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा स्कूटी बरामद कर ली गई। आरोपी रविवार को अदालत में पेश किया जाएगा, जिससे पूछताछ की जा रही है।

### चौकी रामथली पुलिस द्वारा बाइक चोरी मामले में उद्घघोषित अपराधी काबू

**अटल हिंद संवाददाता/कैथल, 21 अप्रैल।** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहीम अंतर्गत चौकी रामथली पुलिस द्वारा बाइक चोरी मामले में पीओ आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी रामथली पुलिस प्रभारी एएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा आरोपी संजय बस्ती चीका निवासी प्रवेश को काबू किया गया। बता दें कि आरोपी प्रवेश पर 4 सितंबर 2019 को पीडल बस अड्डा के पास से बाइक चोरी करने के आरोप है। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज है। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी प्रवेश को पुलिस द्वारा उक्त मामले में गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया था लेकिन आरोपी न्यायालय से जमानत लेने उपरांत न्यायालय में दोबारा हाजिर नहीं हुआ था और भूमिगत हो गया था। आरोपी को न्यायालय ने आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में 16 अप्रैल 2024 को पीओ घोषित कर दिया था। आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



### नशा किसी के लिए नहीं है हितकारी, नशे से शरीर व घर दोनो का होता है नाशः एचसी सुनील




**अटल हिंद संवाददाता/ कैथल, 21 अप्रैल।** नशे से आजादी मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा आए दिन कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत एचसी सुनील कुमार द्वारा गांव गढी व गांव पाडला में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। युवा वर्ग को पढ़ाई व खेलो में ध्यान लगाना चाहिए।

# मुलाना में हर्षोल्लास से मनाई भगवान महावीर की जयंती

अटल हिंद संवाददाता

अम्बाला। एस एस जैन सभा मुलाना के तत्वाधान में जैन समाज ने हर्षोल्लास से 24 वें तीर्थकर भगवान महावीर जयंती मनाई। इस पावन अवसर पर जैन सभा ने सुबह 5 बजे प्रभात फेरी का आयोजन किया। प्रभात फेरी जैन स्थानक मुलाना से शुरू होकर मुलाना के मुख्य रास्तों से होते हुए जैन स्थानक प्रांगण पर सम्पन्न हुई। इसके बाद जैन स्थानक मुलाना पर एस .एस .जैन सभा मुलाना सदस्यों के द्वारा ध्वज रस्म अदा की गई। जिसमें जैन स्थानक पर ध्वज बदला गया। वहीं एसएस जैन सभा प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी ने 12 वर्षो की कठिन तपस्या के बाद जो आत्म ज्ञान प्राप्त किया था। उसी के आधार पर उन्होंने समाज कल्याण के लिए पंचशील का सिद्धांत दिया था। उसमें जीवन में सत्य, अहिंसा, अस्तेयस, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह मुख्य थे। जिससे समाज को नई राह व जीओ और जीने का सिद्धात मिला। इस दौरान समाज से काफी संख्या में पुरूष व महिलाएं मौजूद रही। मौके पर प्रधान अशोक जैन, राममुर्ति जैन,प्रवक्ता श्रीपाल जैन, अशोक जैन तलहेड़ी, दिनेश गोयल, उमेश जैन, भूषण जैन, अरिहंत जैन ,शंटी जैन, बनारसी दास, केवल कृष्ण, जगमोहन जैन, रामकुमार जैन, छोटा जैन, प्रवीन जैन, रीषभ जैन, अभय जैन सहित अन्य मौजूद रहे।



# परमात्मा ने बहुत से अधिकार मानव को दिए लेकिन जन्म मरण का अधिकार खुद रखा : स्वामी ज्ञाननाथ निराकारी

अटल हिंद संवाददाता

अम्बाला। गांव रसूलपुर (यमुनानगर) हरियाणा मे परमपूजनीय माता कमला देवी के अचानक ब्रह्मलीन होने के उपरांत दिवंगत आत्मा की आत्मिक शांति के लिए सामुहिक प्रार्थना तथा रुहानी सत्संग और गुरु के अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) से परमपूजनीय श्री.श्री.108 संत वीरसिंह हितकारी और निराकारी जागृति मिशन के गद्दीनशीन चेयरमैन एंव संत सुरक्षा मिशन भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, परमपूजनीय सतगुरुदेव श्री.श्री.1008 महामंडलेश्वर एडवोकेट स्वामी ज्ञान नाथ भावभीनी श्रद्धांजलि के श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए शरीक हुए। स्वामी वीरसिंह हितकारी जी महाराज ने मनुष्य जीवन के सबसे पहले और सबसे अंतिम परम-चरम उदेश्य के बारे मे और परब्रह्म निर्गुण निराकार एंव सर्वाधार परम चैतन्य परम तत्व के बारे मे दूर-दराज से आए श्रद्धालुओ को संबोधित करते हुए विस्तार पूर्वक समझाया। इसके उपरांत महामंडलेश्वर एडवोकेट स्वामी ज्ञान नाथ ने रुहानी ज्ञान चर्चा के दौरान अध्यात्मिक प्रवचनों मे कहा कि जो दिन आवही, सो दिन जावही, करना कूच रहन थिर नाहि। संगी चलत है हम भी चलना, दूर गवन, सिर उपर मरना अर्थात जैसे सूर्य उदय होता और अस्त हो जाता है ठीक इसी प्रकार से जिसका जन्म हुआ है मृत्यु भी निश्चित है।



# नरवाना में धूमधाम से मनाया जाएगा श्री हनुमान जन्मोत्सव

अटल हिंद संवाददाता

नरवाना, 21 अप्रैल। श्री बाला जी मंदिर कमेटी के सदस्य व शहर की आम जनता के सहयोग से नगर परिषद रोड़ पर स्थित श्री बाला जी मंदिर में सोमवार और मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। कमेटी के प्रधान सज्जन बंसल झील वाले और संरक्षक अनाजमंडी के पूर्व अध्यक्ष जयदेव बंसल ने बताया कि सोमवार सुबह मंदिर परिसर में रामायण पाठ शुरू होगा। सोमवार सायं शहर में भव्य कलश एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा श्री बाला जी मंदिर से शुरू होकर अपोलो चौंक, भगत सिंह चौंक, मॉडल टाऊन व पतराम नगर से होते हुए वापिस मंदिर में पहुंचेगी। मंगलवार सुबह मंदिर में केक काट कर श्री बाला जी महाराज को 56 भोग का प्रसाद लगाया जाएगा। इसके बाद सवामणी का प्रसाद वितरित किया जाएगा और अटूट भंडारे का आयोजन होगा। कलश यात्रा, सोने का चोला, 56 भोग, सवामणी और फलों का प्रसाद समारोह के विशेष आकर्षण होंगे। समारोह में नगरपरिषद के पूर्व प्रधान भारत भूषण गर्ग, रोहित गुप्ता, गौरव शिक्षण संस्थान के प्रधान रमेश गर्ग, सुरेंद्र बाता वाले, अंकुश परोचा, कु लदीप मोर इस्माईलपुर, डा.विजय अग्रवाल, भीम सैन एडवोकेट व रामफल पंडित बड़नपुर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

# गेहूं की फसल में लगी आग,करीब 40 एकड़ गेहूं की फसल जल कर हुई राख

अटल हिंद/योगेश खनेजा

जाखल 21 अप्रैल। जाखल गांव में रविवार दोपहर पक कर तैयार खड़ी गेहूं की फसल में आग लगने से जल कर राख होने का समाचार है। आग लगने की सूचना मिलते ही सेकडो की संख्या में ग्रामीण एवम जाखल के नायब तहसीलदार और पुलिस थाना प्रभारी अपने दल के साथ मौके पर पहुंच गए। जाखल,टोहाना व धारसूल से आई फायर ब्रिगेड गाड़ियों और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया।

गांव जाखल के किसान अजायब सिंह ने बताया कि जब जब कोई प्राकृतिक आपदा पड़ी है तो उसकी मार हमेशा किसान को उठानी पड़ी है उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष आई बाढ़ से उन की फसल तबाह हो गई थी और आज खड़ी गेहूं के फसल में आग लगने से उसकी 23 एकड़ और साथ में पड़ोसी किसानों जीती सिंह व उसके भाई की भी 15-16 एकड़ फसल जल कर राख हो गई है । पीड़ित किसानों ने प्रदेश सरकार से उनकी जल कर राख हुई फसल का मुआवजा दिए जाने की गुहार लगाई है।



### क्या कहते हैं जाखल नायब तहसीलदार

जाखल के नायब तहसीलदार रश्वेंद्र सिंह दुहन ने बताया कि जैसे ही उन्हें आग लगने की जानकारी मिली तो वे अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि आग लगने से गांव जाखल के तीन किसानों की करीब 40 एकड़ गेहूं की फसल जल कर राख हो गई है। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड कर्मियों और ग्रामीणों के सहयोग से काबू पाया गया।उन्होंने बताया कि आग की घटना से जिन किसानों का नुकसान हुआ है पूरे विवरण सहित जिला प्रशासनिक अधिकारियो को भेज दिया जाएगा। नायब तहसीलदार ने किसानों से कहा कि जिन किसानों का आग लगने से नुकसान हुआ है वे क्षति पूर्ति पोर्टल पर भरपाई हेतु विवरण सहित अपलोड कर दें।

# भारत विकास परिषद शाखा नरवाना ने किया निशुल्क बी.सी.जी. टीकाकरण कैंप का आयोजन

अटल हिंद संवाददाता

नरवाना, 21 अप्रैल। भारत विकास परिषद शाखा नरवाना द्वारा संचालित सेवार्थ लैब में टी.बी.रोग की रोकथाम और जागरूकता के लिए निशुल्क बी.सी.जी. टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। शाखा सचिव राजेश टांक ने बताया कि भारत विकास परिषद शाखा नरवाना द्वारा टी.बी.के विरूद्ध लड़ाई पर विश्वसनीय बी.सी.जी. वैक्सीनेशन का रविवार को पहला कैंप मॉडल टाउन में स्थित परिषद की सेवार्थ लैब पर लगाया गया। इसका शुभारंभ सीनियर दंत रोग विशेषज्ञ डा. कपिल शर्मा द्वारा किया गया। बी.सी.जी. वैक्सीनेशन कैंप में ए.एन.एम. सीमा देवी, मनीषा रानी ने वैक्सीनेशन में अपनी सेवाएं दी। उन्होंने बताया कि हर महीने के पहले और अंतिम रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक भारत विकास परिषद द्वारा संचालित लैब पर नागरिक अस्पताल नरवाना के सहयोग से लगातार बी.सी.जी. वैक्सीनेशन के कैंप आयोजित किए जाते रहेंगे। शहर और ग्रामीण परिवेश के लोग इन कैंपों में वैक्सीनेशन करवा कर नरवाना को 2025 से पहले टीबी रोग मुक्त नरवाना घोषित करवाने में भारत विकास परिषद शाखा नरवाना और नागरिक अस्पताल नरवाना का सहयोग करेंगे।




# लायंस क्लब नरवाना ने लगाया रक्तदान शिविर, 70 ने किया रक्तदान

अटल हिंद संवाददाता

नरवाना, 21 अप्रैल। भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को यहां पतराम नगर में स्थित जैन स्थानक में लायंस क्लब नरवाना द्वारा एस.एस.जैन सभा नरवाना के साथ मिलकर एक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी मोहन लाल गर्ग ने शिरकत की। शिविर में 70 से ज्यादा रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। क्लब के प्रधान पुनीत जैन तथा सैक्रेटरी प्रदीप गर्ग ने रक्तदान करने वाले सभी युवाओं को प्रशंसा पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जैन सभा के प्रधान नरेश जैन, डा. के.सी.जैन, क्लब के उप प्रधान पवन नैन, प्रोजेक्ट इंचार्ज यतिन गर्ग व दीपक जैन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# सीवरेज की समस्या से परेशान पटेल नगर कालोनी के लोगों ने किया रोड़ जाम

अटल हिंद/राजीव

नरवाना, 21 अप्रैल। शहर की पटेल नगर कालोनी में पिछले काफी अर्से से सीवरेज बंद होने के कारण सीवरेज का पानी ओवरफ्लो होकर मुख्य सड़क पर खड़ा है जिस कारण कालोनी में रहने वाले लोग नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। रविवार को सीवरेज की समस्या से परेशान कालोनी के लोगों ने शहर के न्यू बस स्टैंड रोड़ पर जाम लगा दिया और जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जाम लगने के कारण इस रोड़ पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कालोनी के लोगों का कहना था कि कालोनी में पिछले लंबे अर्से से सीवरेज की समस्या बनी हुई है। कालोनी में सीवरेज पूरी तरह ठप्प पड़ा है और सीवरेज का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर तैरता रहता है जिसके चलते पूरे क्षेत्र में बदबू फैली रहती है और मच्छरों की भरमार रहती है। गंदगी और मच्छरों के कारण बीमारी फैलने का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि वे कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से इस समस्या के समाधान के लिए मिल चुके हैं लेकिन उनकी समस्या को कोई समाधान नहीं किया जा रहा जिस कारण वे नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। जाम लगने की सूचना मिलने पर सिटी थाना प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने जाम लगाए लोगों से बातचीत की। बाद में जनस्वास्थ्य विभाग के जे.ई. को मौके पर बुलाया गया। जे.ई. ने कालोनी के लोगों को आश्वासन दिया कि वे मोटर पंप लगवा कर सीवरेज को खुलवा देंगे और सीवरेज का पानी सड़क से निकलवा देंगे। जे.ई. के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम खोल दिया।





# भाजपा सरकार ने दी विकास को तवज्जो, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई : रणजीत सिंह

अटल हिंद संवाददाता

हिसार। हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने कहा है कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों का समान विकास किया है। सरकार ने हर नागरिक को पर्याप्त मात्रा में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर ध्यान दिया है। रणजीत सिंह चौटाला रविवार को हिसार विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क अभियान के तहत क्षेत्रवासियों से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने शहर के पड़ाव चौक, डोगरान मोहल्ला, प्रोफेसर कॉलोनी, मंडी रोड, राजगुरू मार्केट, सेक्टर 14 व सेक्टर 33 का दौरा किया और वोटों की अपील करते हुए तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास को आत्मसात करते हुए देश, प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास को तवज्जो दी। जब किसी क्षेत्र का विकास होगा तो वहां पर जनसुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। ऐसे में सब कुछ विकास पर निर्भर है और देश का समुचित विकास ही मोदी सरकार का ध्येय है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने विकास के साथ-साथ अनेक ऐसे कार्य किए हैं, जिनकी कोई सोच भी नहीं सकता था। जम्मू से धारा 370 हटाना, तीन तलाक पर कानून बनाना ऐसे मामले थे, जो हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति से संभव हुए हैं।

